CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 114 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 17 मई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

# 10 वी के होनहारों को जेईई, नीट की मुफ्त कोचिंग कराएगी भजनलाल सरकार!

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भजनलाल सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए नई योजना ला रही है। सीएम भजनलाल युवाओं के हित के लिए नित नए क़दम उठा रही है। ऐसे में राजस्थान की भजनलाल सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उन एक हजार होनहार छात्रों को मुफ्त जेईई और नीट कोचिंग देने की घोषणा की है, जिन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त किए हैं। यह योजना विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं लेकिन पढ़ाई में अत्यंत प्रतिभाशाली हैं।

## राजस्थान बना देश का पहला राज्य

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य सरकार प्रत्येक छात्र पर प्रतिवर्ष दो लाख रुपये खर्च करेगी। यह योजना देशभर में राज्य स्तर पर पहली बार किसी राज्य की ओर से इस पैमाने पर लागू की जा रही है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा था, जिसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने तुरंत मंजूरी दे दी।



## सरकारी और आरटीई स्कूलों के मेधावी छात्र होंगे लाभान्वित

योजना का लाभ राजस्थान के सरकारी स्कूलों के छात्रों के साथ-साथ रज्ञ्श्व (शिक्षा का अधिकार) के तहत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को भी मिलेगा। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, संबंधित स्कूलों से आवेदन लेकर योग्य छात्रों की सूची तैयार करेंगे और उसे शिक्षा निदेशालय को भेजेंगे। छात्रों को जयपुर, कोटा और सीकर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में तैयारी कराई जाएगी, जिसके लिए सरकार ने पहले ही इन संस्थानों से प्रस्ताव मंगवाए हैं। चयनित छात्रों को जयपुर के प्रसिद्ध स्कूलों में 11वीं में दाखिला दिलाया जाएगा ताकि वे वहीं रहकर कोचिंग कर सकें। जयपुर में सरकार उनकी रहने और खाने की व्यवस्था भी करेगी। इस योजना में छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा भी निशुल्क दी जाएगी। साथ ही, शिक्षा विभाग की पहले से चली आ रही लैपटॉप वितरण योजना के अंतर्गत इन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। लैपटॉप का वितरण स्कूलों की अनुशंसा और मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाएगा।

## कम नामांकन वाले स्कूलों को मिलेगा नया जीवन

भजनलाल सरकार ने यह तय किया है कि चयनित छात्रों को उन महात्मा गांधी अंग्रेजी और सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाया जाएगा, जहां नामांकन कम है। इससे न केवल मेधावी छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि इन स्कूलों में नामांकन और गुणवत्ता दोनों बढ़ सकेंगे।


## भजनलाल सरकार की दूरदृष्टि का नतीजा

IIT मद्रास की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में नीट और जेईई की तैयारी करने वाले छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा राजस्थान में है। कोटा में हर साल ढाई लाख छात्र कोचिंग के लिए आते हैं और पूरे देश से लगभग 30 लाख छात्र जेईई और नीट की परीक्षाएं देते हैं। अब राजस्थान सरकार की इस योजना से राज्य के सरकारी स्कूलों के छात्र भी इस दौड़ में मजबूत भागीदार बन सकेंगे।

## युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक फैसला

भजनलाल सरकार की यह योजना न केवल छात्रों के सपनों को साकार करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाएगी। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक समानता, अवसर की समानता और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। भजनलाल सरकार का यह निर्णय सिर्फ कोचिंग सुविधा नहीं है, बल्कि यह उन हजारों सपनों को उड़ान देने का एक ठोस प्रयास है, जो अब तक संसाधनों के अभाव में थम जाते थे। यह वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सुबह की शुरुआत है।

# राजस्व का 'हाकम' रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।।** खैरथल में पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। एसीबी अलवर ने परिवादी की शिकायत पर सत्यापन के बाद ट्रैप कार्रवाई के जरिए पटवारी को धर दबोचा है। खैरथल में पटवारी अशोक कुमार जो पटवार हल्का मातौर तहसील मुण्डावर जिला खैरथल तिजारा में पदस्थापित है। उसे 1000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। वहीं एसीबी मामले की जांच में जुट गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, के महानिदेशक पुलिस डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर को परिवादी ने इस संबंध में शिकायत दी थी कि परिवादी से उनकी भाभी के बच्चों के नाम विरासत का इंतकाल खोलने के नाम पर 2000 रुपये की रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है। विरासत प्रॉपर्टी को ट्रांसफर करने को लेकर रिश्वत की शिकायत मिलने के बाद इसका सत्यापन कराया गया। वहीं सत्यापन के दौरान परिवादी से 500 रुपये रिश्वत लिया गया। जबकि 500 रुपए पटवारी अशोक कुमार ने पहले भी घूस ली थी। वहीं इसके बाद ट्रैप कार्रवाई में परिवादी से 1000 रुपये रिश्वत लेते पटवारी अशोक कुमार रंगे हाथ पकड़ा गया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा। इस घटना में अन्य भी किसी की संलिप्तता पाई जा सकती है।

# पीएम मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति और सेना की ताकत का प्रतीक है आपरेशन सिंदूरः शाह

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जोर दिया। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की तीनों सेनाओं की सटीक और ताकतवर कार्रवाई का बेहतरीन उदाहरण है। शाह ने यह बात दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में एक नए मल्टी-एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन करते हुए कही। एमएसी देश की विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने के लिए बनाया गया है। बता दें कि मल्टी एजेंसी सेंटर की स्थापना 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के बाद की गई थी, ताकि सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समय रहते जानकारी साझा की जा सके और आतंकी खतरों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। मामले में गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बताया कि यह नया सेंटर खुफिया तंत्र को और अधिक कुशल बनाकर आतंकवाद जैसे खतरों से निपटने में मदद करेगा। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और सुरक्षा बलों की तैयारी को जाता है। गौरतलब है कि बीते 7 मई को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा और बीते 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी, लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि उसने सिर्फ ऑपरेशन को स्थगित किया है, बंद नहीं। साथ ही भारत ने आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आगे की कार्रवाई पाकिस्तान के व्यवहार पर निर्भर करेगी।

# डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा सीकर जिले के गाड़ोदा आए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सीकर जिले के नेछवा उपखण्ड में स्थित शिवमठ धाम गाड़ोदा में आए। उप मुख्यमंत्री बैरवा गाड़ोदा धाम महंत पूज्य महावीरजी के संत सानिध्य में आयोजित परम पूज्य गुरुदेव 1008 श्री गुलाब जती महाराज की 7 वीं बरसोदी महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर ब्रह्मलीन पूज्य गुलाब जती महाराज को नमन किया। इस दौरान उन्होंने सांगलिया पीठाधीश्वर पूज्य ओमदासजी महाराज, बुद्धगीरी मढी संत दिनेश गिरी महाराज, लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने इस अवसर पर कहा कि साधु-संतों की आध्यात्मिक वाणी और आध्यात्मिक प्रवचन व गौ-सेवा के साथ हम सब मिलकर एक हिंदू राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगे। इस दौरान बैरवा ने गाड़ोदा गांव के विकास कार्य को लेकर ओर नेछवा में पीजी कॉलेज खोलने की मांग पर कहा कि आगामी बजट में राज्य सरकार से दोनों मांगों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि सामाजिक सुन्दरता और अध्यात्मिक ज्ञान यहां मठ में आकर ही मिलता हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन अच्छा हो इसलिए वह गुरूओं के आध्यात्मिक प्रवचन सुनने के लिए शिवमठ में आते है और इस मठ से अध्यात्मिक विचार लेकर जाते है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में संतो का योगदान अनुकरणीय है। संत समाज को एक नई दिशा की और ले जाते है जिससे समाज और राष्ट्र का विकास होता है।

# दर्दनाकः रोही में मिले मां, बेटा और बेटी के शव

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।।** बीकानेर जिले के लूणकरणसर क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई, यहां धीरेरा गांव की रोही में एक खेत की डिग्गी में एक ही परिवार के तीन सदस्यों मां, बेटे और बेटी के शव मिले हैं। घटना की सूचना मिलते ही लूणकरणसर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। लूणकरणसर के पुलिस उप अधीक्षक नरेंद्र पूनिया भी घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार यह घटना धीरेरा गांव की रोही में हुई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह राधा और उसके बेटा-बेटी सुबह अपने कमरे में नहीं थे। परिजनों ने काफी तलाश की, फिर भी राधा कहीं नहीं मिली। उसके बाद डिग्गी के पास उसके बेटे की चप्पल दिखाई दी। परिजनों ने डिग्गी में देखा तो तीनों के शव पानी में मिले। मृतकों की पहचान राधा देवी पत्नी बजरंग जाट उम्र 26 वर्ष, लोकेश उम्र 6 वर्ष, आरजू उम्र 5 वर्ष के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर लूणकरणसर पुलिस डिप्टी नरेंद्र पूनिया, थाना अधिकारी गणेश कुमार बिश्नोई मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके में इस घटना को लेकर शोक और सनसनी का माहौल है। शव को डिग्गी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# आतंक का समर्थन बंद किए बिना नहीं बहेगी सिंधु की धारा



**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** भारत के लाख समझाने के बावजूद भी पाकिस्तान ने आतंक और आतंकियों का समर्थन करना नहीं छोड़ा। जिसके बाद भारत सरकार ने भी इस मामले में सख्त कर्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के अपने फैसले को बरकरार रखा। मामले में शुक्रवार को केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह और विश्वसनीय रूप से नहीं छोड़ता, तब तक सिंधु जल संधि निलंबित रहेगी। बता दें कि भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला लिया था। हालिया तनाव के बाद हुए संघर्ष विराम के बाद दुनिया इस आस में बैठी थी कि अब भारत सिंधु जल संधि पर रोक हटा देगा, लेकिन भारत ने पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी है कि जब तक पाकिस्तान आतंकियों को समर्थन देना बंद नहीं करेगा तब ये संधि निलंबित ही रहेगी। मामले में जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन को सौंपी अपनी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की घोषणा की है।

रोहिंग्या निर्वासन पर 'सुप्रीम' फटकार

# देश मुश्किल दौर में है, आप काल्पनिक विचार लेकर आए हैं

नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रोहिंग्याओं के निर्वासन को लेकर याचिका दायर करने वालों को फटकार लगाई। याचिका में कहा गया था कि महिलाओं और बच्चों समेत 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमार वापस भेजने के लिए अंडमान सागर में छोड़ दिया गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब देश मुश्किल दौर से गुजर रहा है तो आप काल्पनिक विचार लेकर आए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता मोहम्मद इस्माइल और अन्य की ओर से कोर्ट में दाखिल की गई सामग्री की प्रामाणिकता पर भी सवाल उठाया। साथ ही रोहिंग्याओं के आगे निर्वासन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस से कहा कि जब देश कठिन समय से गुजर रहा है, तो आप इस तरह के काल्पनिक विचार लेकर आते हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री सोशल मीडिया से ली गई नजर आती है और रोहिंग्याओं को यातना देने तथा उन्हें समुद्र में फेंककर निर्वासित करने के आरोपों को मात्र आरोप बताया गया है। न्यायमूर्ति कांत ने पूछा कि आरोपों को प्रमाणित करने वाली सामग्री कहां है? पीठ ने कहा कि निर्वासित लोगों और दिल्ली में रहने वाले याचिकाकर्ता के बीच कथित फोन कॉल की बातचीत की रिकॉर्डिंग सत्यापित नहीं की गई है। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि क्या किसी ने इन फोन कॉलों की पुष्टि की है कि वे म्यांमार से आए थे? इससे पहले हमने एक मामले की सुनवाई की थी, जिसमें झारखंड के जामताड़ा से अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के फोन नंबरों से कॉल किए गए थे। वकील गोंजाल्विस ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उसने भी इस मुद्दे पर संज्ञान लिया है

# तीन साल बाद रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता शुरू

जयपुर टाइम्स





**मास्को/एजेंसी।** रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग पर विराम लगाने की कोशिश जारी है। शुक्रवार को तीन साल में पहली बार रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता शुरू हुई। तुर्किये के इस्तांबुल में हो रही वार्ता में यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस दौरान वरिष्ठ यूक्रेनी अधिकारी ने रूस पर अस्वीकार्य मांगें रखने का आरोप लगाया।

यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही टाइखयी ने बताया कि रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव के नेतृत्व में एक यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की के नेतृत्व में एक निम्न स्तरीय रूसी टीम के साथ बैठक की। एक वरिष्ठ यूक्रेनी अधिकारी ने कहा कि हम आज बहुत कुछ हासिल करने के लिए तैयार हैं और प्रमुख मुद्दों को हल करने के लिए हमारे पास जनादेश भी है। वहीं एक अन्य अधिकारी ने रूस पर अस्वीकार्य मांगे रखने का आरोप लगाया। दोनों देशों के राष्ट्रपति शुक्रवार को बैठक में शामिल नहीं हुए। वार्ता से पहले यूक्रेनी अधिकारियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ बैठक की। अमेरिकी टीम का नेतृत्व सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलॉग ने किया। जबकि उमेरोव और राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने यूक्रेन का प्रतिनिधित्व किया। वहीं तुर्किये के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि तुर्किये, अमेरिका और यूक्रेन के बीच तीन-तरफ़ा बैठक भी हुई। इसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और केलॉग भी शामिल थे। रूबियो ने कहा कि यहां सफलता पाने का एकमात्र तरीका राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन के बीच का रास्ता है।

## युद्ध रुकने पर सहमति बनने की उम्मीद कम

विशेषज्ञों को शांति वार्ता के बाद युद्ध रुकने पर सहमति बनने की उम्मीद कम है। क्योंकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी नेता वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की से आमने-सामने की मुलाक़ात की पेशकश ठुकरा दी है। दोनों देश एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। साथ ही युद्ध समाप्त करने के लिए दोनों पक्षों की शर्तें एक दूसरे से बहुत अलग हैं। युद्ध के मैदान में एक यूक्रेनी सैनिक ने कहा कि उसे उम्मीद नहीं है कि वार्ता से युद्ध शीघ्र समाप्त हो जाएगा। मुझे नहीं लगता कि वे किसी ठोस बात पर सहमत होंगे, क्योंकि युद्ध के लिए गर्मियां सबसे अच्छा समय है। दुश्मन लगातार स्थिति को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि 'रूस की ओर से बेहद निचले स्तर का प्रतिनिधिमंडल भेजा है, लेकिन हम तुर्किये के राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सम्मान में इस बातचीत में शामिल होंगे, ताकि युद्धविराम हो और ये लड़ाई खत्म हो।' हालांकि उन्होंने कहा कि रूस के प्रतिनिधिमंडल को देखते हुए उनकी सेना के प्रमुख और कुछ अन्य अधिकारी इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। जेलेंस्की ने आरोप लगाया का पुतिन इस लड़ाई को खत्म करने के लिए गंभीर नहीं हैं।

CMYK

## अयोध्या धाम मंदिर में वाटर कूलर का किया उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा ष्टस्ज्ञ प्रोजेक्ट के तहत आर के इंफ्रा के राकेश जैन अगोनीज एवं अशोक जैन अगोनीज के सौजन्य से वाटर कूलर के लगाने के क्रम में आज 16 मई 2025 को सांतवा वाटर कूलर नया बास के पास अयोध्या धाम मन्दिर मे स्थापित कर उद्घघाटन किया गया। इन वाटर कूलर के समस्त रख रखाव की जिम्मेदारी अयोध्या धाम मन्दिर की रहेगी। उद्घघाटन कार्यक्रम में रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष दीपक कट्टा, रोटेरियन सचिव मुकुंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बी डी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अशोक कुमार (लेमिनेशन वाले), दीपकमल अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, विकास गुप्ता (श्री कंप्युटर), हर्ष गुप्ता एवं मंदिर संचालन दिनेश सैनी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटरी क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरज जैन हैं।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति में गैर सरकारी सदस्यों के मनोनयन हेतु इच्छुक पात्र व्यक्ति 21 मई तक कार्यालय में भिजवाए प्रस्ताव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 यथा संशोधित 2015 के नियम 17 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति में गैर सरकारी सदस्यों के मनोनयन हेतु इच्छुक पात्र व्यक्ति 21 मई 2025 तक मिनी सचिवालय स्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अलवर में अपने प्रस्ताव भिजवा सकते हैं। मनोनीत सदस्यों को किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं है। उन्होंने बताया कि अधिनियम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकतम 5 सदस्यों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के अतिरिक्त अन्य जातियों के 3 सदस्यों (गैर सरकारी संगठनों से संबंधित) का मनोनयन किया जाता है।

## राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला में वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की छात्राओं हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस संबंध में पूर्व की भांति विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था लागू होगी। उन्होंने बताया कि आवासीय विद्यालय में प्रवेश से संबंधित जानकारी एवं सामान्य दिशा-निर्देश का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट http://sje.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

## पीर बाबा का वार्षिकोत्सव सोमवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम भालोजी बसई स्थित पहाड़ी वाले पीर बाबा का वार्षिकोत्सव आगामी सोमवार 19 मई को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर विशाल मेले व भण्डारे का आयोजन होगा। साथ ही विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जायेगी। श्री पहाड़ी वाले पीर बाबा सेवा समिति के सदस्य सरपंच कृष्ण कुमार, डॉ. महेन्द्र चंदेला व गोकुल मैनेजर ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है।

## डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विचार मंच (समिति) की कार्यकारिणी का गठन रविवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** ग्राम रामसिंहपुरा स्थित डॉ. बी. आर. अम्बेडकर छात्रावास में आगामी 18 मई रविवार को प्रात 10 बजे डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विचार मंच (समिति) कोटपूतली की कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष जगदीश मेघवाल ने दी।

## रिदिमा ने सीबीएसई 12 वीं विज्ञान वर्ग में हांसिल किये 98.20 प्रतिशत अंक

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित गोकुल सरोवर निवासी रिदिमा पुत्री सीताराम गौत्तम ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन व नियमित अध्ययन से सीबीएसई 12 वीं विज्ञान वर्ग में 500 में से 491 अंकों के साथ 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिदिमा ने बिना कोचिंग के ये मुकाम हांसिल किया है। उनकी माता अध्यापिका रजनी शर्मा ने बताया कि रिदिमा ने पढ़ाई के दौरान माता-पिता से कोई भी सहायता नहीं ली और स्कूल टीचर्स एवं खुद की मेहनत से ये सफलता प्राप्त की है। रिदिमा ने प्रतिदिन 6-7 घंटे नियमित अध्ययन कर उक्त सफलता हांसिल की है। स्कूल संचालक एवं स्टॉफ ने भी रिदिमा को शुभकामनायें दी। रिदिमा की सफलता से ना केवल उनके परिवार व स्कूल का नाम रोशन हुआ है, बल्कि अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिली है। रिदिमा ने कहा कि मेहनत व लगन से किसी भी लक्ष्य को हांसिल किया जा सकता है।

## मोटरसाईकिल चोरी का मामला, सीसीटीवी फुटेज में सामने आई चोर की तस्वीर

**कोटपूतली** निकटवर्ती कस्बे पावटा में दुकान के सामने खड़ी एक मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप कुमार शर्मा ने दर्ज कराया कि पावटा में पुष्पा कॉम्पलेक्स में शर्मा प्रिंटर्स के नाम से उनकी दुकान है। परिवादी का छोटा भाई पवन जो कि सरकारी कर्मचारी है, वह प्रतिदिन अपनी स्पलेंडर बाईक अल सुबह दुकान के सामने खड़ी कर बस से जयपुर चला जाता है। विगत 15 मई गुरूवार को प्रात करीब 07.30 बजे दुकान के सामने बाईक खड़ी कर जयपुर चला गया था।

## भाजपा की प्रदेश सरकार पर नेता प्रतिपक्ष ने साधा निशाना, मांगे छह सवालों के जवाब

जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर(निसं.)।।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्था प्रदेश की भजनलाल सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से सीएम भजनलाल से छह सवालों के जवाब मांगे हैं। जूली ने इस संबंध में आज एक्स पर लिखा कि कागजों में कानून का राज, जमीन पर माफियाओं का राज। 'हाल-ए-राजस्थान' बयां कर रहा है, आए दिन पिटती पुलिस की कहानियां सरकार का चेहरा बयां कर रही है। उन्होंने सवाईमाधोपुर में खनन माफिया और पुलिस में लाठी-भाठा जंग, बजरी माफिया ने बोला पुलिस की टीम पर हमला, डीएसपी की प्राइवेट बोलेरो जलाई, पुलिसवालों ने बनास नदी में छुपकर जान बचाई। लाठी-भाठा जंग की अफरा-तफरी में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



### ये सवालों के मांगे जवाब

उन्होंने इस पोस्ट के माध्यम से सीएम भजनलाल ये छह सवालों के जवाब में मांगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन के खुलेआम चल रहे कारोबार पर सरकार मौन है? आए दिन पुलिस कही ना कही पिट रही हैं और माफिया बेखौफ घूम रहे हैं, ऐसा क्यों? राजस्थान में कानून का राज है या माफियाओं का? खनन माफियाओं को सरकार द्वारा खुली छूट देने की खास वजह? अपराधी कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहे है और सरकार की चुप्पी? डीएसपी की प्राइवेट बोलोरो किसकी है? मुख्यमंत्री ये प्रदेश पूछता है कि सत्ता की माफियाओं से मिलीभगत है, या फिर सत्ता को चलाने वाले कमजोर है। उन्होंने जयपुर में भाजपा की तिरंगा यात्रा में विधायक बालमुकुंदाचार्य द्वारा तिरंगे से अपना पसीना पोंछने का वीडियो वायरल होने पर उनसे माफी मांगने की मांग भी की है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने वीडियो एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'तिरंगा देश की शान है, कोई रूमाल नहीं'। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तिरंगे के लिए जवान अपनी जान कुर्बान करते हैं, उसी से बीजेपी विधायक नाक और पसीना पोंछ रहे हैं। उन्होंने भाजपा विधायक की इस हरकत को शहीदों का अपमान बताया।

## वार्डो में पेयजल किल्लत दूर करने की माँग

### पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को भेजा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कस्बे में एक ओर जहाँ विभिन्न मार्गो पर पेयजल सप्लाई लाईनों के क्षतिग्रस्त होने से जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षतिग्रस्त पाईप लाईनों के चलते विभिन्न वार्डो में नियमित पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कस्बे के वार्ड नं. 32 मौहल्ला बूचाहेड़ा में वार्डवासियों को पेयजल किल्लत से भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुये कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा द्वारा निजी खर्च पर टैंकर मंगवाकर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इस सम्बंध में उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि समस्या को लेकर प्रदेश के पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द समस्या के निराकरण की मांग की है।



## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू से बचाव के लिए जिलेभर में चलाया जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिलेभर में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियों के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम "देखें, साफ करें, ढकें: डेंगू को हराने के उपाय करें" रखा गया है। जिलेभर में एंटीलार्वा गतिविधियां, सर्वे, सैम्पलिंग, एंटी-अडल्ट मच्छर नियंत्रण और ओपीडी में लार्वा प्रदर्शन के साथ-साथ जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गये। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ महेश कुमार बैरवा ने बताया कि डेंगू रोग के बचाव के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। जिलेभर में डेंगू दिवस के दौरान डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग के कार्मिकों द्वारा विभिन्न एन्टीलार्वल गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि डेंगू को हराने के लिए सतर्कता, सफाई और बचाव ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय हैं। डेंगू बीमारी से बचाव के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकना अत्यंत आवश्यक है, तथा डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसलिए पानी से भरे बर्तनों को ढक कर रखना तथा गमले कूलर एवं छतो पर पड़े टायरों को की साफ सफाई रखें और रात्रि को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी राजकीय चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेवें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हाई रिस्क क्षेत्रों में मच्छररोधी गतिविधियों का आयोजन करवाने के साथ ही जन जागरूकता अभियान के तहत नारा लेखन, पैम्फलेट वितरण, लार्वा प्रदर्शन और अंतर्विभागीय समन्वय बैठकें आयोजित करें। इसके अलावा, मई और जून में प्रत्येक रविवार को पानी जमा न होने देने का दिन "ड्राई डे" मनाया जाये, ताकि मच्छरों के पनपने की संभावनाएं खत्म की जा सकें।

## बैठक में रखे पोक्सो अधिनियम घटना के मामलों में घटित अपराधों में स्वीकृत की जाने वाली प्रतिकर राशि से संबंधित मामले

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं पीडित प्रतिकर स्कीम के तहत लगभग दो माह पश्चात अलवर जिला न्यायक्षेत्र जिसमें, अलवर जिले के पूर्व क्षेत्राधिकार के कोटपूतली बहरोड एवं खैरथल तिजारा के नए बनाए गये जिलों के क्षेत्र भी शामिल हैं, उस तमाम क्षेत्र के पीडित प्रतिकर के सभी मामलों के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, अनंत भंडारी जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलवर की अध्यक्षता में बैंठक का आयोजन किया गया। जिसमें अलवर एवं दो अन्य जिलों के सभी जिला स्तर के अधिकारी जिनमें जिला कलेक्टर, एसपी, पारिवारिक न्यायलय, श्रम एवं औद्योगिक न्यायालय, एमएसीटी न्यायायल के न्यायिक अधिकारी, एवं अन्य अधिकारीगण शामिल हुए। उक्त बैठक में पोक्सो अधिनियम से संबंधित कुल 18 प्रकरण रखे गये, जिनमें 34 लाख 15 हजार रूपये की प्रतिकर सहायता दिलवाये जाने की स्वीकृती प्रदान की गई। बैठक में बच्चों के साथ पोक्सो अधिनियम घटना के मामलों में घटित अपराधों में स्वीकृत की जाने वाली प्रतिकर राशि से संबंधित मामले बैठक में रखे गये। एक प्रार्थी के द्वारा पूर्व मे प्रदान की गई प्रतिकर राशि को पीडिता के विवाह हेतु एफडी को तुडवाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया था, जिसे इस बैठक में आंशीक रूप से स्वीकार करते हुए एक लाख रूप्ये की एफडी तुडवाये जाने के निर्देश दिये गये।

### पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव

## जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व पंच पद के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव 2025 के लिये चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर जिले में जिला परिषद सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र संख्यांक 29, मालाखेडा पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्र संख्यांक 16 एवं लक्ष्मणगढ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेहरा के वार्ड संख्यांक 7, बडका के वार्ड संख्याकं 5 तथा जावली के वार्ड संख्यांक 4 एवं थानागाजी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुण्डावरा के वार्ड संख्यांक 15 के पंच पद हेतु चुनाव करवाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि उप चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पद के उपचुनाव के लिये 20 मई को निर्वाचन की अधिसूचना, 26 मई को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 27 मई को प्रातः 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 28 मई को सायं 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। इसी दिन नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद चुनाव प्रतीक आवंटित किये जायेंगे। 8 जून को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा। 9 जून को प्रातः 9 बजे से जिला परिषद सदस्य की मतगणना जिला मुख्यालय पर व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना पंचायत समिति मुख्यालय पर होगी। इसी प्रकार पंच पद के उपचुनाव के लिये 20 मई को लोकसूचना जारी की जायेगी। 26 मई को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि, 27 मई को प्रातः 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 27 मई को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि व समय, इसी दिन नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन, 8 जून को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा तथा 8 जून को ही मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी।

## खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शुक्रवार को निर्मल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में राजकीय एवं प्राईवेट स्कूलों में ईट राइट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और स्कूल के अन्य सदस्यों को खाने की सुरक्षा और स्वच्छता के बारे में जागरूक करना है अब तक लगभग 10 स्कूलों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है, जिनमें चिनार पब्लिक स्कूल, अलवर पब्लिक स्कूल, अग्रवाल स्कूल, ओसवाल स्कूल, आदित्य स्कूल, यशवंत स्कूल, प्रताप स्कूल आदि शामिल हैं निर्मल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड FSSAI के साथ पंजीकृत प्रशिक्षण भागीदार है और नियमित रूप से बेसिक मैन्युफैक्चरिंग, कैटरिंग और अन्य मोडालिटी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों को निम्नलिखित विषयों पर जागरूक किया गया जिनमे पैक्ड फूड प्रोडक्ट्स पर मैन्युफैक्चरिंग डेट और एक्सपायरी डेट की जांच कैसे करे शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य उत्पादों की पहचान कैसे करें ट्रांस फैट, अतिरिक्त नमक और अतिरिक्त चीनी वाले खाद्य उत्पादों के बारे में जागरूकता विभिन्न खाद्य उत्पादों के लिए भंडारण तापमान की जानकारी आइस क्रीम और फ्रोजन डेसर्ट के बीच का अंतर पनीर और पनीर एनालॉग के बीच का अंतर FSSAI द्वारा जारी पुस्तक "डार्ट" के बारे में भी जागरूक किया गया, जिसमें घर पर न्यूनतम उपकरणों और रसायनों के साथ खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के लिए तेजी से परीक्षण किया जा सकता है। इसके अलावा, छात्रों और शिक्षकों को FOSCOS वेबसाइट के बारे में भी जागरूक किया गया, जहां वे खाने की सुरक्षा और नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं निर्मल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को खाने की सुरक्षा और स्वच्छता के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जीने के लिए सशक्त बन सकें।

### किसान यूनियन का समर्थन

## यह सरकार की यह नाइंसाफी है- नेता प्रतिपक्ष जूली

जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम में जूली ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बना चुका सरिस्का क्षेत्र में एलिवेटेड रोड की मांग को लेकर संघर्ष समिति और किसान यूनियन का समर्थन जताते हुए कहा कि सरकार की यह नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि सरिस्का एलिवेटेड रोड संघर्ष समिति व भारतीय किसान यूनियन की सभा ने भर्तृहरि, कुशालगढ़ बन रहे एलिवेटेड रोड के मामले में सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरिस्का के एलिवेटेड रोड का मार्ग बदलने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले कल ही बड़ी बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं कर रही। इसलिए अब आंदोलन के रास्ते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन तथा केंद्रीय और राज्य मंत्री को दिए जा चुके ज्ञापनों का सकारात्मक परिणाम नहीं आने पर ग्रामीणों में रोष है। जूली ने कहा कि यह अलोकतांत्रिक रवैया है। 31 सूत्री मांगपत्र का मसौदा तैयार किया गया। जिसमें एलिवेटेड सड़क का निर्माण सरिस्का से थैंक यू बोर्ड तक करने, कुशालगढ़, सरिस्का, थानागाजी सड़क मार्ग का डामरीकरण करने, सरिस्का वन क्षेत्र में वन अधिकार 2008 लागू करने, पट्टे एवं रजिस्ट्रियों से पाबंदी हटवाने, सरिस्का क्षेत्र में अलॉटमेंट भूमि का इंतकाल दर्ज करा कर किसानों को खातेदारी हकूक दिलाने, गैर खातेदारों को खातेदारी के हकूक दिलवाए जाने, सरिस्का के अधीन आने वाले गांवों की जमीन खरीद बेचने पर पाबंदी हटाने, सिवायचक भूमि पर कब्जाधारियों को खातेदारी हकूक दिलाए जाने, वन्यजीवों से फासले नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने, पांडुपोल में दो पहिया वाहनों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक हटाने, 492 वर्ग किलोमीटर कोर एरिया का सीमांकन करवाने, ग्राम माधोगढ़ की खाता संख्या एक में दर्ज आबादी भूमि का इंतकाल ग्राम पंचायत के नाम खोले जाने, अलवर टहला रोड यात्रियों के लिए खोले जाना शामिल है।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव अप अभियान

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। सीएम शर्मा के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडक़र लाभान्वित किया जायें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 अनुसूची-1 में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, ऐसे परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडक़र) निष्कासन सूची में शामिल है। अभियान के तहत 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में अब तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा जिले में 6660 व्यक्तियों ने गिव अप किया। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि गिव अप अभियान में कोटपूतली-बहरोड़ में 260 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में जिला रसद अधिकारी, कोटपूतली-बहरोड़ एवं प्रवर्तन निरीक्षक विश्राम गुर्जर, सन्तोष मीना द्वारा पावटा, कोटपूतली, बहरोड़, विराटनगर, बानसूर, नारायणपुर तहसीलों में 66 निरीक्षण किये गये तथा 60 अपात्र एनएफएसए परिवारों को नोटिस जारी किये गये।

## गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक से बचाव हेतु रखे विशेष ध्यान

**कोटपूतली(निसं.)** गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक से बचाव हेतु रखे विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है। पशुपालन विभाग उपनिदेशक डॉ. हरीश क़ुमार ने बताया कि पशुओं में ग्रीष्म ऋतु में बढ़ा हुआ तापमान अत्यधिक परेशानी पैदा करता है, क्योंकि अधिक गर्मी से पशु तापघात का शिकार हो जाता है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में वातावरण का तापमान अधिक हो जाता है तो ऐसी स्थिति में पशु को अधिक देर तक धूप में रखने या सीधे गर्म हवा के संपर्क में आने से पशु को लू लग जाती है एवं यदि पशु अधिक देर तक लू के संपर्क में रहता है तो उसे हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक हो जाता है जिससे पशु की उत्पादन क्षमता घट जाती हैं या कभी कभी पशु की मौत भी हो जाती है। तीव्र ज्वर की स्थिति, पशु का हांफना यानी मुँह खोलकर श्वास लेना, मुँह से लार गिरना, पशु का बेचैन होना एवं भूख की कमी होना, पानी अधिक पीना एवं पेशाब कम होना या बंद होना, पशु की धडक़न कम होना एवं कभी कभी आफरा की शिकायत होना आदि लक्षण है। पशुओं को सूर्य की सीधी किरणों से दूर रखे, पशुओं को हवादार छप्पर या छायादार पेड़ों के नीचे रखे, पशुशाला को ठण्डा रखने के लिये दीवारों पर जूट की टाट लगाकर बार बार ठण्डे पानी से भिगोये ताकि बाहरी की हवा से ठंडक बनी रहे, पंखे एवं कूलर का प्रयोग करे, दिन में लगभग चार बार साफ एवं शीतल जल पिलायें, पशुओं को संतुलित आहार एवं उचित मात्रा में खनिज आहार देवे एवं सुपाच्य एवं उच्च गुणवत्ता का चारा खिलवायें, पशुओं को सुबह जल्दी व शाम को देर से खाना खिलायें, हरे चारे के लिये अजोला घास या अन्य हरा चारा का प्रायोग करे एवं साथ ही आहार में गेहूँ का चोकर या जौ की मात्रा देवे, पशुओं का परिवहन एवं अन्य संचालित गतिविधियां सुबह या शाम को करें, यदि किसी पशु की अधिक तबीयत खराब हो तो अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्था या 1962 कॉल सैंटर पर सूचित करें।

## जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा-2024: जयपुर के एक परीक्षा केंद्र में हुआ बदलाव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जनसंपर्क अधिकारी (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) परीक्षा-2024 के तहत जयपुर जिला मुख्यालय स्थित एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया है। आयोग सचिव ने जानकारी दी कि रोल नंबर 5575217 से 5575600 तक के अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र बदल दिया गया है। इन अभ्यर्थियों को पूर्व में महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, मालवीय नगर (कोड 16-0022), जयपुर में परीक्षा देनी थी, जिसे अब संशोधित कर टैगोर विद्या भवन सीनियर सेकंडरी स्कूल, मेजर शैतान सिंह कॉलोनी, शास्त्री नगर (कोड 16-0072), जयपुर किया गया है। आयोग ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपना नवीनतम प्रवेश-पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड करें और 17 मई 2025 को निर्धारित समय पर संशोधित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहें। परीक्षा से जुड़ी किसी भी अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट या हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि अन्य अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र यथावत रहेंगे।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर एक माह तक चलेगा जन-जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** 17 मई को विश्वभर में मनाया जाने वाला विश्व उच्च रक्तचाप दिवस इस बार जयपुर जिले में विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष की थीम "Cardiovascular Health For Everyone" निर्धारित की गई है, जिसके तहत एक महीने तक चलने वाला जन-जागरूकता अभियान भी शुरू किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम, डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि हृदय रोग और उच्च रक्तचाप आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में असामयिक मृत्यु के बड़े कारण बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोग समय रहते नियमित जांच करवाएं और संतुलित खान-पान, व्यायाम तथा तनाव रहित जीवनशैली अपनाएं, तो इन रोगों से होने वाली मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डॉ. शेखावत ने जानकारी दी कि जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में 17 मई से जागरूकता गतिविधियां प्रारंभ की जाएंगी, जिनमें हाइपरटेंशन स्क्रीनिंग कैम्प, स्वास्थ्य परामर्श, निःशुल्क बीपी जांच, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शनी व जनसंवाद जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। ये गतिविधियां आगामी एक माह तक चरणबद्ध रूप से आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि उच्च रक्तचाप एक 'साइलेंट किलर' है, जिसकी समय रहते पहचान और नियंत्रण जरूरी है। जिला स्वास्थ्य विभाग आमजन से अपील कर रहा है कि वे इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनें।

## संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक भर्ती परीक्षा 18 मई को, नियंत्रण कक्ष की स्थापना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन 18 मई 2025 (रविवार) को किया जाएगा। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। जयपुर में परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 9,069 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की सुचारु और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर (जयपुर शहर-पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 16 से 18 मई 2025 तक कार्य करेगा। 16 एवं 17 मई को यह सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक, जबकि 18 मई को सुबह 8 बजे से परीक्षा कार्य पूर्ण होने तक संचालित रहेगा। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु 13 उप समन्वयकों एवं 7 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। जयपुर परीक्षा केन्द्रों से जुड़ी किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए दूरभाष संख्या 0141-2206699 पर संपर्क किया जा सकता है। परीक्षा संचालन में पुलिस, यातायात पुलिस, नगर निगम, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, नागरिक सुरक्षा, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल आदि विभागों के अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। बोर्ड ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## प्राध्यापक-विद्यालय भर्ती: विस्तृत आवेदन नहीं भरने वाले 5 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने प्राध्यापक-विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2024 के तहत ऐसे 5 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया है, जिन्होंने पूर्व में विस्तृत ऑनलाइन आवेदन-पत्र नहीं भरा था। ये अभ्यर्थी 17 से 18 मई 2025 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इसके बाद कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 8 विषयों की परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके पश्चात पात्रता जांच के लिए विचारित सूचियां जारी की गईं। सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने के लिए 16 व 23 अप्रैल को प्रेस नोट, एसएमएस और ईमेल के माध्यम से सूचित किया गया था। फिर भी जनरल ग्रामर विषय से 1, हिंदी से 3 और युजर्वेद विषय से 1 अभ्यर्थी ने आवेदन नहीं भरा। इन अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा अंतिम अवसर देते हुए पुनः एसएमएस और ईमेल के माध्यम से सूचना भेजी गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि अब भी आवेदन नहीं किया गया तो ऐसे अभ्यर्थियों को पात्रता जांच और परिणाम में शामिल नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## आपात स्थिति में किया स्वैच्छिक रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** पूर्व पार्षद व समाजसेवी तारा पूतली द्वारा चलाये जा रहे नियमित रक्तदान अभियान के तहत यहाँ के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में शुक्रवार को आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता पडने़ पर विजय सोनी ने ब्लड बैंक पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान भूपसिंह पूतली, प्रवीण सोनी, बजरंग गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं 'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक आयोजित

# राजस्थान सहकारिता के क्षेत्र में कर रहा है उल्लेखनीय कार्य: भूटानी

### गोदाम निर्माण, पैक्स के माध्यम से खाद वितरण और फसल बीमा पर हुआ फोकस

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्थान में सहकारिता के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य हो रहा है। उन्होंने राज्य की अन्न भंडारण क्षमता को बढ़ाने हेतु नवीन गोदामों के निर्माण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि अधिक उपभोग वाले क्षेत्रों में गोदाम निर्माण से परिवहन व्यय में कमी लाई जा सकती है। डॉ. भूटानी ने फसल बीमा का कार्य प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) और कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) के माध्यम से करवाने के प्रयासों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि राज्य की सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर पर गठित तीन नई सहकारी संस्थाओं की सदस्यता के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उन्हें अनेक लाभ मिल सकें। बैठक में सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन ने निर्देश दिए कि खाद वितरण के लिए पैक्स को प्राथमिकता दी जाए और इफको एवं कृभको जैसी संस्थाएं भी खाद का आवंटन पैक्स के माध्यम से करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 25 से 30 प्रतिशत अधिक खाद का वितरण पैक्स से करवाया जाए तथा खाद की डिलीवरी सीधे पैक्स स्तर तक सुनिश्चित की जाए। श्री जैन ने जन-धन केंद्रों की स्थापना भी ज्यादा आवाजाही वाले क्षेत्रों में करने और पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के साथ सीएससी सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने राज्य में सहकारिता से संबंधित चल रही विभिन्न पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 41 हजार से अधिक सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जिनके एक करोड़ से अधिक सदस्य हैं। इनमें 80 लाख से ज्यादा कृषक जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 4837 पैक्स को गो-लाइव किया जा चुका है और मई माह के अंत तक यह संख्या 5000 तक पहुंचने की संभावना है। राजपाल ने बताया कि 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100 नए गोदाम स्वीकृत किए गए हैं, जिनका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा जून माह में प्रस्तावित है। उन्होंने सहकारी समितियों द्वारा अतिरिक्त कार्यों, एम-पैक्स एवं डेयरी सोसायटी गठन, कृषि ऋण योजनाओं के विस्तार, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, और 'म्हारो खातो, म्हारो बैंक' जैसी पहलों की भी जानकारी दी। बैठक में राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पशुपालन, मत्स्य, गोपालन, उद्यानिकी विभाग, राजफेड, नाबार्ड सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति में देरी पर सख्ती, तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर निदेशक ने दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने शुक्रवार को अंबेडकर भवन, जयपुर में विभागीय अधिकारियों व करीब 50 सरकारी व निजी कॉलेजों के प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक की। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि छात्रवृत्ति में देरी या तकनीकी समस्याओं को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्था प्रधान और विभागीय अधिकारी समन्वय से कार्य करें ताकि विद्यार्थियों को राहत मिल सके। उन्होंने छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने, छात्रों को उचित मार्गदर्शन देने और समय पर आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति, आक्षेप पूर्ति और समय पर सत्यापन न होने संबंधी समस्याओं पर चिंता जताई। निदेशक ने निर्देश दिया कि इन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एसओपी बनाई जाए और छात्रों को मोबाइल, व्हाट्सएप, फोन कॉल या नोटिस के जरिए समय पर सूचना दी जाए। उन्होंने सभी संस्थानों को छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर और उपस्थित समय स्पष्ट रूप से नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने और उसकी प्रति विभाग को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक लंबित प्रकरण वाले संस्थानों की हर माह समीक्षा कर रिपोर्ट निदेशालय को भेजने को कहा। औचक निरीक्षणों की बात करते हुएअग्रवाल ने अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। उन्होंने बायोमैट्रिक ऑथेन्टिकेशन के लिए यूडीआईडी प्रमाणित एल-1 डिवाइस व फेस रिकॉग्निशन सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही। साथ ही निर्देशालय की तकनीकी टीम को हर माह दो दिन संस्थानों की तकनीकी समस्याएं हल करने को भी कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक (छात्रवृत्ति) अशोक जांगिड़, संयुक्त निदेशक (आईटी) अमर सिंह मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद सिरोही में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नए कार्यों का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/सिरोही** नगर परिषद सिरोही द्वारा करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण एवं आगामी विकास कार्यों का शिलान्यास शुक्रवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी और जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ओटाराम देवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल रही है, जिसका उद्देश्य आवासहीन परिवारों को कम लागत में मकान उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अधीन निर्माण कार्यों को पुनः गति दी जा रही है और जैसे-जैसे फ्लैट्स का निर्माण पूरा होगा, पात्र लाभार्थियों को आवास का त्वरित आवंटन किया जाएगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को शेष आवास शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। देवासी और सांसद लुम्बाराम चौधरी ने लाखेराव तालाब और निडोरा तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों का भी विधिवत शिलान्यास किया। इन कार्यों के लिए अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत लाखेराव तालाब हेतु 196 लाख रुपये तथा निडोरा तालाब हेतु 165 लाख रुपये की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई है। इस पर सांसद चौधरी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और नगर परिषद आयुक्त को कार्य शीघ्र आरंभ कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत निर्मित मकानों के आवंटन पत्र लाभार्थियों को वितरित किए गए। साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को बैटरी चालित इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर भी सौंपी गई। कार्यक्रम में सिरोही जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, नगर परिषद आयुक्त सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। समारोह ने सिरोही के विकास में एक नई दिशा देने का संदेश दिया।

### राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला

## सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. भूटानी व संयुक्त सचिव जैन ने किया अवलोकन

### 145 स्टॉल्स पर मसालों व श्री अन्न उत्पादों की प्रदर्शनी, सहकारिता विभाग व कॉनफेड की सराहना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी एवं संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को जवाहर कला केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले का दौरा किया। यह मेला सहकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। दोनों अधिकारियों ने मेले में विभिन्न राज्यों की सहकारी समितियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध मसालों एवं अन्य उत्पादों की जानकारी ली। इस दौरान सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल भी उपस्थित रहीं। डॉ. भूटानी और जैन ने वर्ष 2003 से लगातार राष्ट्रीय स्तर पर मसाला मेला आयोजित करने के लिए सहकारिता विभाग व कॉनफेड की सराहना की। राजपाल ने बताया कि इस वर्ष मेला अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम पर आधारित है, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, पंजाब सहित कई राज्यों की सहकारी संस्थाओं द्वारा उत्पादित मसाले और अन्य सामग्रियां प्रदर्शित की गई हैं। मेले में कुल 145 स्टॉल्स लगाए गए हैं, जहां आगंतुकों को एक ही स्थान पर शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण और उचित मूल्य पर उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं। राजपाल ने जानकारी दी कि सरकार द्वारा श्री अन्न (मोटे अनाज) को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मेले में लगभग 25 स्टॉल्स पर श्री अन्न उत्पादों की प्रदर्शनी की गई है, जिन्हें लोगों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल आमजन में सहकारी उत्पादों के प्रति विश्वास बढ़ता है, बल्कि सहकारी समितियों को अपने उत्पादों के प्रचार और विपणन के लिए एक सशक्त मंच भी प्राप्त होता है। इस अवसर पर डॉ. भूटानी और जैन ने डेली लकी ड्रॉ के तहत तीन विजेताओं को गिफ्ट हैम्पर भी भेंट किए, जिससे मेले का उत्साह और बढ़ गया।

## सांगानेर में घर से दूध लेने के लिए निकला था पहुंची घर उसकी लाश

### तेज रफ्तार ने छीनी एक और ज़िंदगी - प्रशासन और पुलिस की लापरवाही का खौफनाक नतीजा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।**-सांगानेर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। नो एंट्री में घुसे पत्थरों से लदे एक तेज़ रफ्तार डम्पर ने एक राहगीर को कुचल डाला। हादसे में मौके पर ही व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक 55 वर्षीय जय नारायण सुईवाल, जो रोज़ की तरह सुबह दूध लेने निकले थे, शायद उन्हें क्या पता था कि दूध की थैली की जगह उनकी लाश घर लौटेगी। डम्पर ने उन्हें इतनी बुरी तरह टक्कर मारी कि करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। RJ14 GE 3933 नंबर वाले इस जानलेवा डम्पर ने न केवल एक जिंदगी खत्म की, बल्कि एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया - क्या जयपुर में कानून सिर्फ आम जनता के लिए है? हैरानी की बात यह है कि यह हादसा नो एंट्री के दौरान हुआ, जब शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित होनी चाहिए थी। फिर यह डम्पर कैसे आया? क्या पुलिस की आंखें बंद थीं या जेब गर्म? घटना के बाद जैसे ही सांगानेर के एक पत्रकार ने कवरेज शुरू की और सवाल उठाया, तो पुलिस थानाधिकारी श्रीनिवास जांगिड़ का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने न सिर्फ पत्रकार से बदसलूकी की, बल्कि कवरेज से रोकने की कोशिश भी की।, हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोग भारी संख्या में जमा हो गए। डम्पर को ज़ब्त कर लिया गया है, लेकिन ड्राइवर अब तक फरार है - शायद किसी बड़े हाथ का वरदहस्त उस पर है। जय नारायण सुईवाल की मौत सिर्फ एक हादसा नहीं, प्रशासनिक लापरवाही का खुला सबूत है। अब देखना ये है कि प्रशासन और पुलिस इस मामले में कितनी तेजी दिखाती है या इसे भी पुराने हादसों की फाइलों में दबा दिया जाएगा।

## वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) परीक्षा-2024: विचारित अभ्यर्थियों को 19 से 25 मई तक भरना होगा विस्तृत आवेदन-पत्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के गणित एवं विज्ञान विषयों की विचारित सूचियों में शामिल अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र 19 से 25 मई 2025 (रात्रि 11.59 बजे तक) ऑनलाइन भरना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन के साथ दस्तावेज सत्यापन हेतु दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। आयोग सचिव के अनुसार, गणित और विज्ञान विषयों की विचारित सूचियां 12 मई 2025 को जारी की गई थीं। इन सूचियों में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थी एसएसओ आईडी के माध्यम से आयोग के रिक्रूटमेंट पोर्टल पर "माय रिक्रूटमेंट - डीटेल्ड फॉर्म कम स्क्रूटनी - अप्लाई नाउ" विकल्प का चयन कर आवेदन भर सकते हैं। विस्तृत आवेदन-पत्र एवं दस्तावेजों की जांच संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा की जाएगी। आवेदन भरने के बाद अभ्यर्थियों को इसकी दो प्रतियों का प्रिंट निकालकर अपने पास सुरक्षित रखना होगा। विभाग द्वारा सूचित तिथि पर अभ्यर्थियों को जयपुर स्थित कार्यालय में समस्त मूल दस्तावेजों व स्वप्रमाणित प्रतियों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है। दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थी को अपात्र माना जाएगा। दस्तावेज सत्यापन उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की सूची आयोग को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आयोग चयनित अभ्यर्थियों के नाम संबंधित विभाग को नियुक्ति के लिए अभिस्तावित करेगा।

## तलाब मे डूबने से हुई 4 लोगो की मौत की सूचना पाकर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी पहुँचे शोक संतप्त परिवार के घर व संवेदना प्रकट कर उन्हें ढांढस बंधाया

जयपुर टाइम्स



**किशनगढ़(निसं.)** गुरुवार को दूदू में एक तालाब में डूबने से 4 लोगो की दुखद मृत्यु हो गयी थी, घटना की सूचना मिलने के बाद केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी अपने दिल्ली प्रवास से वापिस किशनगढ़ लौटने के पश्चात शुक्रवार को दूदू पहुँचे, उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि तालाब में डूबकर 4 जनों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है, दुःख की इस घड़ी में हम सभी शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओ को शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस वृजपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# "सोशल मीडिया पर देह की नुमाइशः सशक्तिकरण या आत्मसम्मान का संकट?"

**सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़? क्या हम सच्ची आज़ादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं? क्या आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है? क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है? यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती है, जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे?**

**प्रियंका सौरभ**

क्या हो गया है आजकल औरतों को? सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा है - देह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में, और कहीं ज़ूम इन होती नज़रों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन - अपनी चपल देह की अदा का। मानो देह ही पहचान बन गई हो।

सच पूछो तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी न हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक 'प्रॉडक्ट' बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज़ बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो।

वो जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल हाट बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मर्यादा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसके चोली के घेरे और पिंडलियों की नुमाइश में सिमट कर रह गया है।

यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें 'बोल्ड' होने का झूठा अर्थ 'बदन दिखाने' से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े? औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है, या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़?

सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं? क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं, अपनी असली पहचान को खोकर बस एक देह भर बनती जा रही हैं?

नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा, और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि केवल बदन दिखाने का अधिकार। ये तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो।

सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे?

आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज़ देना ही अगर 'बोल्डनेस' है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या? क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब? क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं?

सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं? क्या उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है?

यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। वो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज़ व्यूज़ और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है।

तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? आखिर सवाल यह है कि क्या देह का प्रदर्शन वाकई सशक्तिकरण है या बस एक भ्रम? क्या आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है? यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आज़ाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है? नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना। यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है - एक शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त इंसान के रूप में। सोशल मीडिया पर जिस दिखावे की होड़ मची है, वह केवल लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की गिरावट का प्रतीक है। यह एक डिजिटल पिंजरा है, जहां औरतें खुद को स्वतंत्र मानते हुए भी एक गहरे बंधन में बंधी हुई हैं। हमें यह समझना होगा कि असली सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता, शिक्षा और आत्मसम्मान में है, न कि केवल देह प्रदर्शन में। अगर हमें सही मायनों में नारी शक्ति को बढ़ाना है, तो हमें इस भ्रम से बाहर आना होगा और एक ऐसा समाज बनाना होगा, जहां औरतें अपनी पहचान अपने विचारों से बनाएं, न कि केवल अपने शरीर से।

# "प्रशासन से पॉपुलैरिटी तकः आईएएस अधिकारियों का डिजिटल सफर"

**आईएएस अधिकारियों का सोशल मीडिया पर बढ़ता रुझान एक नई चुनौती बनता जा रहा है। वे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और ट्विटर पर नीतियों से जुड़ी जानकारियाँ और प्रेरणादायक कहानियाँ साझा कर रहे हैं, जो जागरूकता बढ़ा सकती हैं। लेकिन क्या यह डिजिटल स्टारडम उनकी वास्तविक प्रशासनिक जिम्मेदारियों से समझौता है? व्यक्तिगत छवि बनाने की होड़ में पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में एक संतुलन जरूरी है, जहां अधिकारी डिजिटल दुनिया में सक्रिय रहते हुए भी जनता की सेवा को प्राथमिकता दें।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत में सिविल सेवा हमेशा से ही सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक रही है। एक आईएएस अधिकारी का दायित्व न केवल नीतियों को लागू करना होता है, बल्कि जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें हल करना भी है। लेकिन हाल के वर्षों में एक नया चलन देखने को मिल रहा है - आईएएस अधिकारियों का सोशल मीडिया की ओर बढ़ता आकर्षण। कुछ अधिकारी इंस्टाग्राम, यूट्यूब और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर लगातार सक्रिय रहते हैं, अपने जीवन के पहलुओं को साझा करते हैं, व्लॉग बनाते हैं, और अपने प्रशासनिक अनुभवों के जरिए प्रेरणा देने का प्रयास करते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह डिजिटल सक्रियता उनके मूल कर्तव्यों से ध्यान भटकाने का कारण बन रही है या फिर यह एक नई तरह की जनसेवा है?

सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव

सोशल मीडिया का युग आते ही हर क्षेत्र ने अपनी उपस्थिति वहां दर्ज की है, तो भला नौकरशाही कैसे पीछे रह सकती थी। आईएएस अधिकारी भी इस डिजिटल दुनिया का हिस्सा बन चुके हैं। वे अपने अनुभव, सरकारी योजनाएं, और प्रेरणादायक कहानियाँ साझा करते हैं, जिससे आम जनता का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। उदाहरण के लिए, बिहार की चर्चित आईएएस अधिकारी टीना डाबी हों या फिर कश्मीर के शाह फैसल, इन अधिकारियों ने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति से लाखों युवाओं को प्रेरित किया है।

जनजागरूकता का नया माध्यम

सोशल मीडिया पर सक्रिय आईएएस अधिकारी अपने फॉलोअर्स को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हैं, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता भी फैलाते हैं। वे आपदाओं के समय महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा करते हैं और जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हैं। यह पारंपरिक नौकरशाही के उस पुराने ढर्रे से बिल्कुल अलग है जहां अधिकारी केवल कागजों पर या सरकारी बैठकों में ही सीमित रहते थे।

लोकप्रियता और चुनौती

लेकिन सवाल यह है कि क्या इस डिजिटल सक्रियता का मतलब है कि ये अधिकारी अपने असली कर्तव्यों से भटक रहे हैं? क्या सोशल मीडिया पर छवि निर्माण का यह खेल उनकी प्रशासनिक जिम्मेदारियों से समझौता है? कई बार यह देखा गया है कि कुछ अधिकारी सोशल मीडिया पर इतना व्यस्त हो जाते हैं कि उनकी मूल जिम्मेदारियां प्रभावित होने लगती हैं। उदाहरण के लिए, किसी जिले के डीएम का समय अधिकतर क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों में जाना चाहिए, न कि इंस्टाग्राम रील्स बनाने में।

अधिकारियों का स्टारडम

कुछ अधिकारी अपने सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने में इतने लिप्त हो जाते हैं कि वे सेलिब्रिटी जैसी पहचान बना लेते हैं। यह न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि उनके निर्णयों की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। क्या यह संभव है कि एक अधिकारी जनता की सेवा और लोकप्रियता की होड़ के बीच संतुलन बना सके?

प्रभाव और पारदर्शिता का सवाल

इसके अलावा, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जब अधिकारी सोशल मीडिया पर अपने व्यक्तिगत विचार साझा करते हैं, तो इससे उनकी निष्पक्षता पर भी सवाल उठ सकते हैं। जनता के प्रति उनकी जवाबदेही और निष्पक्षता का संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है। एक ओर वे जनता के सामने सीधे संवाद कर रहे हैं, तो दूसरी ओर वे एक छवि बनाने में भी लगे हैं, जो अक्सर वास्तविकता से भिन्न हो सकती है।

निजता और सुरक्षा का मुद्दा

सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता से अधिकारियों की निजता और सुरक्षा भी खतरे में आ सकती है। वे जिस प्रकार से अपने दिनचर्या, लोकेशन और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी साझा करते हैं, वह सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक हो सकता है। साथ ही, साइबर अपराधों और ट्रोलिंग का खतरा भी बना रहता है।

संवेदनशील मुद्दों पर जिम्मेदारी

इसके अलावा, अधिकारियों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वे कौन सी जानकारियां साझा कर रहे हैं। कई बार उनका एक बयान या विचार राजनीतिक विवादों को जन्म दे सकता है। इससे न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो सकते हैं।

आम आदमी की अपेक्षाएँ

जब जनता एक अधिकारी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखकर उसकी तारीफ करती है, तो कहीं न कहीं उनकी अपेक्षाएँ भी बढ़ जाती हैं। वे यह मानने लगते हैं कि जो अधिकारी ऑनलाइन इतना सक्रिय है, वह ज़मीनी हकीकत में भी उतना ही समर्पित होगा। लेकिन क्या यह हमेशा सच होता है? क्या डिजिटल स्टारडम वास्तविक प्रशासनिक कार्यों में भी प्रभावी हो सकता है?

आईएएस अधिकारियों का सोशल मीडिया पर सक्रिय होना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, बशर्ते वे इसे अपने कर्तव्यों से ऊपर न रखें। डिजिटल दुनिया में उनकी उपस्थिति समाज को प्रेरित कर सकती है, जागरूकता बढ़ा सकती है, और युवाओं के लिए मार्गदर्शक बन सकती है। लेकिन यह भी सच है कि कभी-कभी यह लोकप्रियता का पीछा करने का खेल बन जाता है, जिससे उनके प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, बिहार की टीना डाबी, जिन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स से लाखों युवाओं को सिविल सेवा में आने की प्रेरणा दी, या फिर शाह फैसल, जिन्होंने सोशल मीडिया पर सक्रिय रहकर कश्मीर के मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखे। लेकिन दूसरी ओर, अधिक डिजिटल सक्रियता से उनकी पारदर्शिता, निष्पक्षता, और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होते हैं। ऐसे में ज़रूरी है कि अधिकारी डिजिटल स्टारडम और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखें, ताकि वे न केवल एक अच्छे नेता, बल्कि एक जिम्मेदार अधिकारी भी साबित हो सकें। आखिरकार, उनकी सबसे बड़ी सेवा जनता की समस्याओं का समाधान है, न कि सिर्फ लाइक्स और फॉलोअर्स बटोरना।

आईएएस अधिकारियों का सोशल मीडिया पर सक्रिय होना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, बशर्ते वे इसे अपने कर्तव्यों से ऊपर न रखें। डिजिटल दुनिया में उनकी उपस्थिति समाज को प्रेरित कर सकती है, जागरूकता बढ़ा सकती है, लेकिन इसके लिए एक संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है। आखिरकार, एक अधिकारी का सबसे बड़ा धर्म उसकी जनता की सेवा है, न कि केवल डिजिटल स्टारडम।

## तबाह होती नस्ल



पंजाब में नशीले पदार्थों के बढ़ते सेवन और सरकार के इस संदर्भ में कोई कारगर नीति तथा उपाय न अपनाने के कारण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार को फटकार लगाने और पुलिस को इसके लिए जवाबदेह बनाना निश्चित तौर पर अहम खबर है। पंजाब में एक के बाद एक राजनीतिक दल की सरकारें आईं, सभी ने इस समस्या के समाधान के लिए चुनावों से पहले आश्वासन दिया! लेकिन राजनेताओं, प्रशासन और आला पुलिस अफसरों की मिलीभगत के कारण कुछ भी नहीं हो सका। पंजाब में नकली शराब बनाने का धंधा अपनी चरम सीमा पर है। पुलिस प्रशासन को पता है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। हाल ही में नकली शराब पीने से कुछ लोगों की मृत्यु हो गई थी, लेकिन सरकार के कान पर जूं भी नहीं रेंगी। आए दिन ड्रोन द्वारा नशीले पदार्थों की खेप की खेप पंजाब में उतर रही है। कुछ मामलों में सरकार इन नशीले पदार्थों को जब्त भी कर लेती है, लेकिन बहुत बार सरकार को पता भी नहीं चलता। नशीले पदार्थों का व्यापार करने वाले लोगों के तार अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ जुड़े हुए होते हैं। वे स्थानीय प्रशासन को अपने धन के बल पर प्रभावित कर लेते हैं और यह व्यापार चलता रहता है। इस तरह नशीले पदार्थों का सेवन करने से पंजाब में नवयुवकों की नस्ल ही तबाह हो रही है। देश की सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को इस समस्या को हल न करने के लिए फटकार लगाई है और सरकार को आदेश दिया है कि नशीले पदार्थों के उत्पादन, व्यापार तथा सेवन रोकने के लिए उसने जो उपाय अपनाए है, उसके बारे न्यायालय में हलफनामा पेश करें। हालांकि चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी ने भी पंजाब में नशीले पदार्थों के प्रयोग, उत्पादन और कारोबार पर प्रतिबंध लगाने का आश्वासन दिया था, पर आज तक जिस तरह पंजाब में आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है और पंजाब में नशीले पदार्थों का व्यापार तथा सेवन बढ़ रहा है, उसे देख कर सरकार की निष्क्रियता का ही पता चलता है। इस मसले पर एक तरह से आम आदमी पार्टी की सरकार ने वादा करके उसे दरकिनार कर दिया है और इस तरह जनता के साथ छल किया है। अब पंजाब सरकार सर्वोच्च न्यायालय को इस संदर्भ में क्या जवाब देती है, यह देखना अभी बाकी है। बस यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सरकारें आय के स्रोत का हवाला तो देती हैं, मगर हकीकत यह है कि सिर्फ इस वजह से पीढ़ियां तक बर्बाद हो रही हैं। अगर राजस्व की कीमत पर समूची नस्ल तबाह हो रही है तो यह सोचने की जरूरत है कि सरकारों के लिए किसे बचाना प्राथमिक होना चाहिए।

## रोशनी जिंदगी है

**चंद रोज बाद आने वाले रोशनी के इस त्योहार को हम दिवाली के नाम से विरासत और मिथकों में दर्ज परंपराओं के साथ जोड़ते हैं। दरअसल, यह त्योहार उस उम्मीद का नाम है जो हमारे बीच जिंदा रहने के सबब के साथ बनी रहती है। उपभोक्तावाद और बाजार की चकाचौंध के बीच आज की जिंदगी जब गांव की मिट्टी से कट कर शहरीकरण में तब्दील हो गई है, तब उस मिट्टी की खुशबू भी शेष स्मृतियों में ही जिंदा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि अब ये भी धीरे-धीरे अपनी पहचान की परिधियों में खो रही हैं। महानगरीय जिंदगी की दुश्वारियों में जकड़ा हुआ गांव का आदमी अब**



एक दीया आपकी जिंदगी को रोशनी से भर देता है। यह सिर्फ कल्पना नहीं, बल्कि एक यथार्थ है और यह प्रत्यक्ष है। रोशनी से भरी हुई जिंदगी ही आपको चमका सकती है। रोशनी आपकी पहचान का एक आईना भी है। और इसी तरह की बातें लोग जब सुनते हैं तब जाकर उन्हें आपकी अहमियत का पता चलता है। यह चलन रोशनी और जिंदगी के बीच के रिश्तों को आदिकाल से परिभाषित करता रहा है। हालांकि समय के साथ-साथ यह परिभाषा भी बदलती चली जा रही है। शायद यह जिंदगी के चलते रहने का एक रोशन पथ है, जो आज भी बाकी है, चल रहा है।

आज की इस तेज रफ्तार और आपाधापी से भरी जिंदगी की नई यात्रा में आदमी के अंदर की रोशनी से चमकते हुए कई चेहरे अचानक मिल जाते हैं तो लगता है कि अभी जिंदगी की रोशनी शेष है। दरअसल, मिट्टी के जलते हुए दीए से रोशनी की लौ जिंदगी की जिंदादिली की निशानी है जो हमें गांव की मिट्टी और वर्तमान संदर्भों के साथ न केवल जोड़ती है, बल्कि सहेज कर भी रखती है। बल्कि यों कहें कि शायद यही वह विरासत है, जिसमें हम जी रहे हैं, अपने अतीत और भविष्य के बीच वर्तमान में चलते हुए।

चंद रोज बाद आने वाले रोशनी के इस त्योहार को हम दिवाली के नाम से विरासत और मिथकों में दर्ज परंपराओं के साथ जोड़ते हैं। दरअसल, यह त्योहार उस उम्मीद का नाम है जो हमारे बीच जिंदा रहने के सबब के साथ बनी रहती है। उपभोक्तावाद और बाजार की चकाचौंध के बीच आज की जिंदगी जब गांव की मिट्टी से कट कर शहरीकरण में तब्दील हो गई है, तब उस मिट्टी की खुशबू भी शेष स्मृतियों में ही जिंदा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि अब ये भी धीरे-धीरे अपनी पहचान की परिधियों में खो रही हैं। महानगरीय जिंदगी की दुश्वारियों में जकड़ा हुआ गांव का आदमी अब अपनी जमीन, जल, जंगल सबसे अलग-थलग होकर हताशा के उस कगार पर पहुंच गया है, जहां पर कभी भी एक दीए की लौ उसे जिंदा रहने का ढांढ़स बंधाती है। यह एक ऐसा सत्य है, जिससे हम मिट्टी के दीए को जलाते हुए और उसकी लौ के अलौकिक दृश्य को देखते हुए ही पा सकते हैं।

आधुनिक कहे जाने वाले आज के इस दौर में अपनी मिट्टी और गांव को याद करना ठीक ऐसा है जैसे अपनी मां और अन्य को अंधेरे में ढूंढ़ना। ध्वस्त होती रिश्तों की इस कतार में आदमी का अपनापन भी अंधेरे में डूब चूका है और सत्य यही है। यह सब है और अगर है तो इसका सामना भी हमें करना ही होगा। सवाल है कि क्यों न अमावस की अंधेरी रात में एक दीया हम अपनों के लिए और एक दीया अपने नाम का भी जलाएं, जिसकी रोशनी से तन, मन और रूह तक सब कुछ रोशनी में डूब जाए। हो सकता है कि हमारे आसपास घिर आए अंधेरे के लिए हम जिम्मेदार नहीं हों, लेकिन उसे दूर करने के लिए अपनी चेतना का प्रयोग तो कर ही सकते हैं। वैसे भी अंधेरा अगर घिर ही आए तो उससे छुटकारे के लिए रोशनी का सहारा ही अकेला उपाय है, वह रोशनी हम चाहे जहां से लाएं या फिर पैदा करें। टूटते हुए रिश्ते और पीछे छूटती हुई मिट्टी की विरासत और अपनेपन की एक काशनी खुशबू अब कहां! मिट्टी का मोह अब पीछे छूट गया है, गांव के खेत-खलिहान अब अपनेपन का एहसास नहीं देते हैं। शहर की चकाचौंध और बाजारवाद के इस माहौल में आदमी कितना अजनबीपन महसूस करता है। त्योहारों से जुड़ी संवेदनाओं और भावनाओं पर तकनीक और कृत्रिम शोभा की वस्तुएं हावी हो चली हैं। लोगों की भावनाओं को भी उसी मुताबिक महत्त्व मिलने की नौबत है। यानी एक तरह से कहें तो अब भावनाओं की कीमत आंकी जाने लगी है। मिट्टी के दीये, तेल और बाती की जगह इलेक्ट्:ॉनिक लैंप, झालर और दीयों ने ले ली है। अपनी मिट्टी से जुड़े अहसासों के तार कमजोर होते जा रहे हैं। यह कैसी विडंबना है कि यह सब कुछ अब आम-सा हो चला है। अपने लिए मिट्टी का एक दीया कभी जला कर तो देखा जाए! इसके बाद ही पता चलता है कि अपने रिश्तों, अपनी मिट्टी और अपने आसमान की पहचान कैसी होती है। इसी में है मां-पिता, घर-गांव और कच्ची पगडंडियों की महक और शेष बची हुई रोशनी की कातर पहचान।



# अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट में मेजर श्रीनिवासन का किरदार निभाएंगे अरविंद स्वामी

अभिनेता से निर्देशक बने अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म में लगातार नए-नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है। जिनका अनुपम खेर स्वागत कर रहे हैं। इयान ग्लेन, बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ के बाद अब अनुपम खेर की फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हुई है। जिसकी जानकारी अनुपम खेर ने खुद दी है।

## अनुपम खेर ने अरविंद स्वामी को बताया भरोसेमंद दोस्त

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी है कि एक्टर अरविंद स्वामी की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में एंट्री हुई है। अरविंद स्वामी फिल्म में मेजर श्रीनिवासन की भूमिका निभाएंगे। अनुपम ने अरविंद स्वामी का पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, पहली बार मैंने अरविंद स्वामी को रोजा में देखा था। मैं इस नए अभिनेता के अभिनय से दंग रह गया। फिर मैंने उन्हें फिल्म बॉम्बे में देखा। मेरे लिए, वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक शानदार अभिनेता का आगमन था। बहुत सालों बाद में हमने एक फिल्म की 'सात रंग के सपने'। इस फिल्म के दौरान मुझे जीवन भर के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय दोस्त मिला।

## कई सालों तक याद किया जाएगा मेजर श्रीनि का किरदार

निर्देशक अनुपम खेर ने आगे अरविंद स्वामी की भूमिका के बारे में बात करते हुए लिखा, जब मैं 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मेजर श्रीनिवासन की भूमिका के लिए किसी अभिनेता को चुनना चाहता था, तो मेरे दिमाग में कोई और नहीं आया। फिल्म में उन्हें मेजर श्रीनि कहा गया है, जो ताकत, साहस और बहादुरी का पावरहाउस है। अरविंद के प्रदर्शन ने मुझे गौरवान्वित महसूस कराया। ठीक वैसे ही जैसे भारतीय सेना हम सभी को सुरक्षित, संरक्षित और प्रतिष्ठित महसूस कराती है। स्वामी आपकी दोस्ती, मुझ पर विश्वास और आपकी प्रतिभा के लिए धन्यवाद। आप न केवल एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन दोस्त भी हैं। मेजर श्रीनि का आपका किरदार आने वाले कई सालों तक याद रखा जाएगा। जय हिंद।

## बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ भी निभाएंगे अहम भूमिकाएं

अनुपम खेर द्वारा निर्देशित 'तन्वी द ग्रेट' में शुभांगी दत्त प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। जबकि फिल्म में बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और गेम ऑफ थ्रोन्स के एक्टर इयान ग्लेन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट का एलान अभी नही किया गया है।



# राजकुमार राव की पत्नी कहलाना पत्रलेखा को नहीं पसंद

**अपनी हालिया रिलीज 'फुले' को लेकर चर्चाओं में रहीं अभिनेत्री पत्रलेखा को अभिनेता राजकुमार राव की पत्नी के नाते ज्यादा पहचाना जाता है। जो कि पत्रलेखा को बिल्कुल भी पसंद नहीं है। खुद पत्रलेखा ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें राजकुमार राव की पत्नी के नाम से पहचाना जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं है।**

## मेरा एक नाम है अस्तित्व है

बातचीत में अभिनेत्री पत्रलेखा ने इस बारे में बात की। जिसमें उन्होंने शादी के बाद राजकुमार राव की पत्नी के तौर पर अधिक पहचान मिलने से नाराजगी जताई है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इससे वाकई नफरत है और मैं खुद को बहुत छोटा महसूस करती हूं। क्योंकि मेरा एक नाम है। मेरा एक अस्तित्व है। मेरी एक पहचान है। लेकिन एक मशहूर पति की आड़ में ये सबकुछ छुप जाता है।

## मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ

अपने करियर को लेकर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मेरे करियर में संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। कई लोगों को लगता है कि मेरा सफर आसान रहा होगा क्योंकि मैं किसी जाने-माने अभिनेता को डेट कर रही थी या अब उससे शादी हो चुकी है। लेकिन ऐसा नहीं है। यदि आप खुद को एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। अपना खुद का करियर ग्राफ बनाना, यह बहुत कठिन है।

## मेकर्स राजकुमार राव को कास्ट करने के इरादे से मेरे पास स्क्रिप्ट लाते हैं

पत्रलेखा ने आगे बताया कि कैसे लोग उनके पास स्क्रिप्ट इसलिए लाते हैं क्योंकि वो राजकुमार राव को फिल्म में लाने में मदद करेंगी। अभिनेत्री ने कहा, लोग अक्सर मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर आते हैं, इसलिए नहीं कि वे वाकई मुझे प्रोजेक्ट में चाहते हैं। बल्कि इसलिए कि उन्हें उम्मीद है कि मैं राजकुमार राव के लिए एक पुल का काम करूंगी। मेकर्स अक्सर मेरी प्रतिभा में दिलचस्पी दिखाने के बजाय मेरे पति को कास्ट करने के छिपे हुए इरादे से मेरे पास आते हैं। इस तरह का व्यवहार बेहद अपमानजनक लगता है। यह मेरी गरिमा के खिलाफ है। मैंने हमेशा अपने करियर और राजकुमार के बीच एक लाइन बना रखी है।

## मीडिया और इंडस्ट्री से की अपील

पत्रलेखा ने मीडिया और इंडस्ट्री से भी एक अपील की कि उन्हें केवल एक लेबल तक सीमित न रखा जाए। वह कभी भी इस तरह से देखे जाने में सहज महसूस नहीं करेंगी और जब तक संभव हो, इसका विरोध करती रहेंगी।

## 'फुले' में नजर आई थीं पत्रलेखा

पत्रलेखा हाल ही में 'फुले' फिल्म में नजर आई थीं। यह फिल्म समाज सुधारक ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। इससे पहले वो अनुभव सिन्हा की वेब सीरीज 'आईसी 814 कंधार हाईजैक' में एयरहोस्टेस के किरदार में दिखाई दी थी। पत्रलेखा ने अपने करियर में कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं।



# फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर ने ली 45 करोड़ रुपए फीस

हिद कपूर पिछली बार पूजा शा हेगड़े कर साथ फिल्म देवा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले समय में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज फर्जी का सीक्वल भी है। अब शाहिद की फीस का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... फर्जी 2 के लिए निर्माताओं की तरफ से शाहिद को 45 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। खास बात यह है कि यह राशि अब तक किसी भी प्रोजेक्टर के लिए मिली शाहिद के करियर की सबसे बड़ी रकम है। फर्जी 2 की कहानी लिखी जा चुकी है। इस साल के अंत तक शाहिद इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। यह सीरीज अगले साल के मध्य तक ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। राज और डीके ने फर्जी 2 के निर्देशन की कमान संभाली है। इसमें शाहिद का सामना विजय सेतुपति और केके मेनन से होगा। बता दें कि फर्जी का पहला भाग साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। ये एक ग्राफिक आर्टिस्ट सनी की कहानी है, जो अपने दादा की प्रिंटिंग प्रेस को बचाने के लिए नकली नोट छापने की दुनिया में कदम रखता है।

# सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म!

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल, यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए । एक नई शुरुआत।' सामंथा और राज निदिमोरु साथ में द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स के साथ भी देखा गया था। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर खबरें आने लगी थीं। हालांकि, अब तक दोनों ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्म शुभम का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। यह बतौर प्रोड्यूसर उनकी पहली फिल्म होगी।



# ओप्पम के रीमेक के लिए सैफ सीखेंगे कलारीपयट्टू

सैफ अली खान मलयालम की सुपरहिट थ्रिलर फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन करेंगे और इसकी शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। फिल्म में सैफ एक नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाएंगे और इस भूमिका को प्रामाणिकता देने के लिए वह पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू भी सीखेंगे।

सैफ की यह ट्रेनिंग इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के प्रति उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है, जिसमें फिजिकल स्किल और इमोशनल इंटेंसिटी दोनों की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफ, राहुल ढोलकिया की फिल्म पूरी करने के बाद दो महीने का ब्रेक लेंगे। इस इस दौरान वह नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाने की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भाग लेंगे। इसके बाद, वह कलारीपयट्टू सीखने के लिए केरल जाएंगे, क्योंकि उनका किरदार एक कुशल मार्शल आर्टिस्ट का है। मूल फिल्म ओप्पम में मोहनलाल का किरदार अपनी तेज सूंघने, सुनने और छूने की क्षमता के जरिए रहस्य को सुलझाता है और सैफ भी हिंदी रीमेक में उसी परफेक्शन को लाने के लिए कमिटेड हैं। वह इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करते दिखेंगे।

ओप्पम जयरामन नाम के शख्स की कहानी बताती है, जो नेत्रहीन है और एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की बेटी की रक्षा करता है, जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने की है जिसे न्यायाधीश ने एक जुर्म के लिए सजा सुनाई थी। हिंदी रीमेक का निर्देशन करने के साथ ही प्रियदर्शन इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं।





# वीरता की गाथा के साथ बड़ा मैसेज भी देगी केसरी वीर, इतिहास के सबसे अहम अध्याय को समर्पित

**जल्द ही प्रिंस धीमान निर्देशित फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी एक योद्धा का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले की एक ऐतिहासिक कहानी कहेगी। कैसे कुछ योद्धाओं ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा की थी, यही फिल्म की कहानी है। यह पहली बार नहीं है कि सुनील शेट्टी किसी एक्शन फिल्म कर हिस्सा बन रहे हों, वह अपने करियर में कई एक्शन फिल्म कर चुके हैं।**

**आपका किरदार इतिहास से है। इसके लुक पर क्या सावधानियां रखीं?**

वेगड़ा जी शिव भक्त योद्धा हैं, जिनके रुद्राक्ष, माला, केश, दाढ़ी और खास वेशभूषा उनकी पहचान हैं। पूरी फिल्म में एक ही कपड़े पहने यह किरदार आम शिवभक्त या भील राजा जैसा दिखता है। पिता के रूप में नियंत्रित, पर मुगलों के खिलाफ आक्रामक योद्धा के रूप में नजर आता है।

**कहीं से कोई किरदार था, जिससे इंस्पायर होकर इसे आपने निभाया?**

हमने महाभारत के शूरवीरों से प्रेरित होकर भी वेगड़ा जी का किरदार डिजाइन किया है। क्लाइमैक्स में वह कालजयी रूप लेता है। वरना पूरी फिल्म में नियंत्रित दिखने वाला यह किरदार, अंत में अपने गुस्से के विस्फोट से सुनील शेट्टी नहीं, सिर्फ वेगड़ा जी के रूप में ही पहचाना जाएगा।

**क्या यह भी जेहन में था कि इसका स्केल बहुत बड़ा रखा जाए?**

बजट की कमी के बावजूद, हमने प्रामाणिक कैमरा वर्क, कॉस्ट्यूम, बैकग्राउंड स्कोर और शूटिंग से स्केल बनाए रखा। फिल्मसिटी के जंगलों को वॉर जोन जैसा बनाकर, कंकड़-पत्थरों और पेड़ों के बीच असली एक्शन सीक्वेंस शूट किए गए हैं। इसका मकसद वेगड़ा जी और हमीरजी गोहिल के वास्तविक गोरिल्ला युद्ध शैली को दिखाना है, जैसे उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों का सामना किया था। हमने जंगलों को जस का तस रखा।

**शांत रोल्स के विपरीत, वेगड़ा के ललकार वाले सीन में आपने क्या सोचा था?**

करो या मरो वाली स्थिति में गुस्सा स्वाभाविक है, जैसा बॉर्डर में भी था। मौत के तांडव में इंसान का आक्रामक रूप दिखता ही है। वेगड़ा जी की जगह खुद को रखकर, दुश्मन को मारने के सिवा कोई और विकल्प नहीं सूझा। एक्शन के साथ आंखों में गुस्सा लाना जरूरी था। डबिंग में आंसू थे, क्योंकि पिता अपनी बेटी को कुछ न दे पाने की हालत में जान तक देने को तैयार था।

**क्या फिल्म में कोई मैसेज भी है?**

हमारी फिल्म का यही संदेश है कि हमें बंटना नहीं है, एकजुट रहना है क्योंकि उस दौर में वेगड़ा जी जैसे वफादार योद्धा तो थे लेकिन कई राजा दुश्मनों से मिल गए और उनके मुखबिर बन गए, जिसका नतीजा सबको पता है।

**नैरटिव की ऐतिहासिक सटीकता कितनी है?**

हमारे डायरेक्टर प्रिंस धीमान बहुत सच्चे रहे हैं, हर पहलू को लेकर। सोमनाथ मंदिर पर दर्जन भर से ज्यादा बार हमले हुए। उसमें से जो चौथी बार का हमला था, हमारी कहानी उस बारे में है। युद्ध के स्केल को बड़ा दिखाने के लिए जरूर क्रिएटिव कोशिशें हुई हैं, मगर जो वेगड़ा जी का अपनी बेटी के प्रति एक बेपनाह प्यार था, वह बिल्कुल सच्चा रखा गया है।

सौंदर्य टिप्स

## ये 5 टिप्स हमेशा के लिए खत्म कर देंगे डार्क सर्कल्स

आंखों के नीचे काले घेरे आपका पूरा लुक खराब कर देते हैं. स्ट्रेस, कम नींद, धूप में बिना चश्मे के निकलना, एजिंग और जेनेटिक ऐसे कई कारण हैं जिसकी वजह से डार्क सर्कल्स होते हैं. इन्हें ठीक करने के लिए आपने कई नुस्खे आज़माएं होंगे, लेकिन यहां आपको वो कारगर तरीके बता रहे हैं जिन्हें आजमा कर आपकी आंखों के काले धब्बे हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे.



### 1. आई पैक

आलू को कद्दूकस कर इसका जूस निकालें और इसमें रूई को भिगोकर आंखों पर रखें. इसके अलावा आप ग्रीन टी बैग्स को आंखों पर रख सकते हैं. इसके लिए गरम पानी में ग्रीन टी बैग्स को एक बार डालें, फिर इन्हें फ्रिज में 20 मिनट के लिए रख दें. इन ठंडे टी बैग्स को रात को सोते समय आंखों पर रखें और रिलैक्स करें.

### 2. सनस्क्रीन लगाएं

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाकर निकलें. आंखों पर डाइरेक्ट धूप लगने से मेलनिन प्रोडक्शन में बढ़ावा होता है, जो आंखों की आस-पास वाली स्किन को काली बनाती है. इसीलिए जरूरी है कि जिंक ऑक्साइड और टाइटेनियम डाइऑक्साइड से भरपूर सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें.

### 3. आई मसाज

रोजाना रात को सोने से पहले दो बूंद बादाम का तेल लें और इससे हल्के हाथों से आंखों की मसाज करें. मसाज हमेशा हाथों की बीच की दो अंगुलियों से ही करें.

### 4. आंखों को धोएं

रोजाना घर पहुंचते ही हाथ-मुंह धोने के साथ-साथ आंखों को भी धोएं. सबसे पहले गुनगुने पानी से आंखों को क्लीन करें और फिर ठंडा पानी आंखों पर मारें. इससे आंखों की दिनभर की थकान कम होगी और ब्लड फ्लो बेहतर होगा.

### 5. ज़रूरी टिप्स

दिन भर में 8 से 10 लीटर पानी पिएं. 7 से 8 घंटे की नींद लें. आंखों को कभी भी टाइट ना रगड़ें. अगर आई साइट वीक है तो चश्मा लगाकर काम करें और आई मसल्स वीक हैं तो एंटी-ग्लेयर लगाकर काम करें. 1 घंटे से ज्यादा टीवी ना देखें. स्मोकिंग से बचें और स्ट्रेस कम लें. क्योंकि चिंता सबसे पहले आंखों के नीचे काले घेरे लेकर आती है.

# हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद है गाय का दूध



गाय का दूध सेहत के लिहाज से बेहद स्वास्थ्यवर्द्धक होता है। इसमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायता करता है। गाय का दूध प्रोटीन का भी बेहतरीन स्रोत होता है।

इसके अलावा इसमें विटामिन बी 2 और विटामिन बी 12 भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। ये दोनों विटामिन शरीर को ऊर्जान्वित रखने में मदद करते हैं। शरीर में मसल्स और ऊतकों के निर्माण में भी यह बेहद लाभदायक होता है।

यह कैंसर, एचआईवी, दिल संबंधी बीमारियां, हाई ब्लडप्रेशर और माइग्रेन जैसी समस्याओं से बचाव करने में भी सक्षम है। शरीर को संपूर्ण पोषक तत्व प्रदान करने वाले इस दूध के और भी बहुत सारे फायदे होते हैं। तो चलिए जानते हैं कि ये फायदे क्या हैं।

### बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता

गाय के दूध में कैल्शियम, प्रोटीन, एंटी-ऑक्सीडेंट्स के साथ-साथ विटामिन ई, सेलेनियम, जिंक आदि भी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। ये तत्व हमारे शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

### त्वचा रोग में लाभकारी

गाय का दूध त्वचा के रोमछिद्रों को क्लियर कर देता है। इससे ब्लैकहेड्स की समस्या से निजात मिलती है। रूखी और बेजान त्वचा के लिए भी गाय का दूध काफी लाभदायक होता है।

### वजन कम करने में उपयोगी


गाय का दूध पीने से आपका मेटाबोलिज्म बढ़ता है, जिससे आपको बार-बार भूख नहीं लगती है। इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन भी होता है जो वर्कआउट के लिए आपको पर्याप्त ऊर्जा मुहैया कराता है।

### दिमाग-आंखों के लिए फायदेमंद

बच्चों के दिमाग का विकास करने के लिए उन्हें नियमित रूप से गाय का दूध पिलाना चाहिए। इसके अलावा इस दूध में पाया जाने वाला कैरोटिन आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी मदद करता है।

## जानिए संतरे खाने के 5 फायदों के बारे में

सर्दियां आते ही बाजार मे आ जाते है ताजे संतरे. जिसे आप और हम कई तरीकों से अपनी डाइट में शामिल करते हैं. कोई इसका जूस की तरह पीता है तो कई इसे शाम के स्नैक में खाना पसंद करता है. विटामिन सी, ए, अमिनो एसिड, बी कॉम्प्लेक्स, फ्लेवोनॉयड, कैल्शियम, फॉस्फोरस, सोडियम जैसे मिनरल्स से भरे इस फल को खाने के कई फायदे होते हैं. सिर्फ एक दिन में एक संतरा शरीर को कई बीमारियों से बचा कर रखता है. यहां आपको संतरे खाने के 5 फायदों के बारे में बता रहे हैं.



### 1. ब्लड प्रेशर कंट्रोल करे

ब्लड प्रेशर को लो होने से बचाने के लिए सबसे जरूरी है सोडियम की मात्रा को बैलेंस रखना. संतरा सोडियम की मात्रा को नॉर्मल रख ब्लड प्रेशर को सही रखता है. इसीलिए जिसे भी हाई या लो ब्लड प्रेशर की परेशानी हो वो अपनी डाइट में संतरा जरूर शामिल करें.

### 2. कैंसर से बचाए

विटामिन सी से भरपूर संतरा शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री-रेडिकल्स से सुरक्षित रखता है. साथ ही इसमें पाया जाने वाला लाइमोनिन कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है. गैंडरिन संतरे में विटामिन ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है. जापान में हुई एक स्टडी के मुताबिक गैंडरिन संतरा लिवर कैंसर होने के खतरे को कम करता है.

### 3. किडनी पथरी से रखे सेफ

रोजाना संतरे का सेवन किडनी में होने वाली पथरी के खतरे को कम करता है. इसीलिए आप संतरे को रोजाना अपनी डाइट में शामिल करें. पथरी के लिए संतरे को लिक्विड रूप में पीएं ज्यादा फायदा होगा.

### 4. बवासीर में दिलाए आराम

संतरा पेट के अल्सर को खत्म करता है और बवासीर में राहत दिलाता है. इसके लिए रोजाना खाना खाने के बाद एक ग्लास संतरे का जूस पीएं. बवासीर के मरीज संतरे के छिलके के पाउडर को भी पानी में मिला कर पी सकते हैं.

### 5. सर्दी-जुकाम करे छुमंतर

संतरे में मौजूद विटामिन सी सर्दी-जुकाम में राहत दिलाता है. लोगों का ऐसा मानना है कि संतरे की तासीर ठंडी होती है इसीलिए इसे सर्दी-खांसी में नहीं खाना चाहिए, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं होता है. बल्कि संतरा या विटामिन सी वाले सभी फल सर्दी में राहत दिलाते हैं.

घर संसार

## ये छोटे-छोटे ट्रिक्स अपनाकर घर को बनाएं और भी खूबसूरत



खुद के घर को सजाने का मजा कुछ अलग है। घर की सजावट ऐसी होनी चाहिए जो दिन भर की थकान को दो मिनटों में गायब कर दें। हम लोग अपने घर को सजाने के लिए कोई कोई एक्सपेरिमेंट्स करते ही रहते है। अगर आप भी अपने भी आसान तरीकों से अपने घर को सजाए रखना चाहते है तो आइए हम आपको कुछ टिप्स बताते है जो घर की लुक को कर देंगे चेंज।

### 1. सीप रखें

एक कांच के कंटेनर में सीप डालकर साइड टेबल पर या कॉर्नर में रखें। इसको लीविंग रूम में रखें। इससे रोमांटिक फील आएगा।

### 2. टायर पॉट

पुराने टायर को अच्छा सा पेंट करें और उसमें पौधे लगाएं। यह आपके गार्डन को अलग ही लुक देंगे।

### 3. वॉलपेपर

दीवारों को डिफरेंट और यूनिक लुक देने के लिए वॉलपेपर इस्तेमाल करें। इनमें आपको कई रंग, डिजाइन्स, पैटर्न्स मिल जाएंगे। इन्हें आप खुद भी लगा सकते है।

### 4. शंकु देंगे विन्टेज लुक

यह आपको किसी भी फूलवाले के यहां आसानी से मिल जाएंगे। आप इन्हें सर्दियों में सिल्वर पेंट करके सजा सकते है। किसी मेसन जार में भी रख सकते है।

### 5. हैंगिंग पौधे

छोटे-छोटे पौधों को किसी पुरानी बोतल में उगाएं और नेट के कपड़े से कवर करें। हैंगिंग की तरह लगा दें। इसे आप अंदर और बाहर सजा सकते है।

### 6. पुरानी चीजें, नया लुक

कुछ पुराने कन्टेनर्स जैसे मग, वॉटर केन्स, डब्बे आदि को पौधे लगाने के लिए इस्तेमाल करें। इससे गार्डन को अलग लुक मिलेगी।

### 7. गार्डन में पोन्ड

गार्डन पोन्ड को नया लुक देना चाहते है तो उसके आस-पास पत्थर जोड़कर उसकी चारदीवारी चौड़ी बनाएं। इसके बीच-बीच में अलग-अलग रंगों के फ्लॉवर लगाएं।

## वित्तीय सुरक्षा के लिए टर्म इंश्योरेंस लेने में जेन ज़ी सबसे आगे: टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस स्टडी

TATA AIA LIFE INSURANCE

मुंबई, आश्चर्य की बात है कि डिजिटल नेटिव होने के बावजूद, भारत की कामकाजी जेन ज़ी पीढ़ी काफी व्यावहारिक कदम उठा रही है - खासकर वित्तीय सुरक्षा के मामलों में। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने नीलसनआईक्यू के साथ किए एक नए स्टडी से पता चलता है कि जेन ज़ी के लिए टर्म इंश्योरेंस सबसे बड़ी वित्तीय प्राथमिकता है और दीर्घकालिक सुरक्षा, किफायती और सरल प्लान पाने की उनकी प्रबल इच्छा इसके पीछे का प्रमुख कारण है। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर गिरीश जे कालरा ने कहा "हमारा रिसर्च कुछ महत्वपूर्ण जानकारी को रेखांकित करता है जेन ज़ी काफी ज़्यादा डिजिटल होने के बावजूद दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए टर्म इंश्योरेंस जैसे समय की कसौटी पर खरे उतरे हुए वित्तीय समाधानों पर भरोसा करते हैं। वित्तीय सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, और समय से पहले सेवानिवृत्ति योजना पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, जेन ज़ी सक्रिय रूप से अपने भविष्य की तैयारी कर रहे हैं। हम इस दूरदर्शी पीढ़ी की उभरती ज़रूरतों को पूरा करने वाले तकनीक-सक्षम, सुलभ बीमा समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" 'नए जमाने की आदतें, पारंपरिक मूल्य जेन ज़ी का वित्तीय नियोजन के प्रति दृष्टिकोण' - इस स्टडी में 21-28 वर्ष (1997-2012 के बीच जन्मे) की आयु के कामकाजी जेन ज़ी व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया गया और एक प्रभावशाली जानकारी सामने आई यह पीढ़ी न केवल तकनीक-प्रेमी है - बल्कि सुरक्षा-प्रेमी भी हैं।

## क्लब महिंद्रा ने गोवा के अकेशिया पाम्स को बनाया ऑल-वुमन-रन रिसॉर्ट



**मुंबई** महिंद्रा हॉलिडेज़ एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ब्रांड क्लब महिंद्रा ने एक ऐतिहासिक पहल की घोषणा की है, जिसके तहत गोवा स्थित उसके अकेशिया पाम्स रिसॉर्ट को पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित संपत्ति में परिवर्तित किया गया है। यह कदम क्लब महिंद्रा के पोर्टफोलियो में अपनी तरह का पहला रिसॉर्ट बनाता है। अकेशिया पाम्स को एक ऑल-वुमन-रन रिसॉर्ट में बदलना क्लब महिंद्रा की लैंगिक विविधता, समावेशन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में महिला सशक्तिकरण के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महिंद्रा हॉलिडेज़ एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज भट ने कहा "हमें यह घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि हमारा गोवा स्थित अकेशिया पाम्स रिसॉर्ट अब पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित है, जो लैंगिक विविधता, समावेशन और महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" तन्वी चोकसी, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, महिंद्रा हॉलिडेज़ एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड, ने कहा "महिंद्रा हॉलिडेज़ में हम मानते हैं कि सच्चा समावेशन केवल इरादे तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमने ऐसा सिस्टम विकसित किया है जिसमें महिलाएं हर विभाग में–चाहे वो परंपरागत रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्र हों जैसे इंजीनियरिंग, सुरक्षा या किचन स्टीवर्डिंग–आगे बढ़ सकें, नेतृत्व कर सकें और नई ऊंचाइयों को छू सकें। क्लब महिंद्रा अकेशिया पाम्स में ऑल-वुमन लीड पहल रूढ़ियों को तोड़ने, संभावनाओं को उजागर करने और पूरे उद्योग को प्रेरित करने की दिशा में एक साहसिक कदम है।" रिसॉर्ट संचालन से लेकर गेस्ट सेवाओं तक, हर पहलू को कुशल और समर्पित महिलाओं की टीम द्वारा संभाला जा रहा है।

## एनएसडीसी इंटरनेशनल केयरगिवर्स को प्रशिक्षण प्रदान कर दे रहा विश्वस्तरीय अवसर



एनएसडीसी इंटरनेशनल दुनिया भर में केयरगिविंग सेगमेन्ट में कौशल की खामियों को दूर करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने ग्लोबल हेल्थकेयर की क्षमता बढ़ाने के लिए तकरीबन 1 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि दुनिया भर में इन प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है।

सीईओ, एनएसडीसी इंटरनेशनल, आलोक कुमार ने कहा, "आज पूरी दुनिया एसडीजी-3 के अनुरूप स्वास्थ्य एवं कल्याण के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयासरत है। इसी के मद्देनज़र एनएसडीसी इंटरनेशनल में हम हर संभव कोशिश कर रहे है। हम न सिर्फ अनुकूल प्रोग्राम लेकर आए हैं बल्कि उम्मीदवारों को उद्योग जगत की आवश्यकतानुसार कौशल प्रदान करने के लिए देशी-विदेशी संस्थानों के साथ साझेदारी भी की है। ताकि हम हेल्थकेयर की चुनौतियों को दूर करने में योगदान दे सकें। हमने दुनिया भर में हज़ारों कुशल केयरगिवर्स को नौकरी हासिल करने में मदद की है। अपने प्रयासों के द्वारा हम हेल्थकेयर सिस्टम में कुशल प्रोफेशनल्स को शामिल करने के लिए निरंतर अग्रसर हैं।'

अब तक संगठन हज़ारों कुशल केयरगिवर्स को जर्मनी, जापान, यूके और इज़रायल जैसे देशों में नौकरियों के अवसर उपलब्ध करा चुका है। इस प्रशिक्षण के तहत उम्मीदवारों को विशेष सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण तथा अंग्रेज़ी, जर्मन एवं जापानी भाषाओं में कौशल प्रदान किया गया है। ताकि उनकी रोज़गार क्षमता बढ़े और वे दुनिया के विभिन्न कोनों में अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों में नौकरी पाकर अपनी सेवाएं प्रदान कर सकें।

## हिंदुस्तान जिंक की नजर ग्रीन प्रीमियम, मल्टी-मेटल भविष्य पर



हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी जस्ता और चांदी उत्पादक कंपनी, ने मल्टी-मेटल कंपनी बनने की योजना की रूपरेखा तैयार की है। अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने शेयरधारकों को लिखे अपने पत्र में कहा कि कंपनी लगातार स्थिरता, ईएसजी और अपनी लागत नेतृत्व पहलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि स्वच्छ ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया जा सके। पत्र में, उन्होंने उल्लेख किया कि कंपनी लंदन मेटल एक्सचेंज द्वारा पेश किए जा रहे टिकाऊ धातुओं पर हरित प्रीमियम का लाभ उठाने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, "हम जिंक और सिल्वर कंपनी से मल्टी-मेटल, भविष्य को सक्षम बनाने वाली कंपनी के रूप में विकसित हो रहे हैं। हिंदमेटल एक्सप्लोरेशन सर्विसेज के माध्यम से, हम भारत के महत्वपूर्ण खनिज दृष्टिकोण के साथ जुड़े हुए हैं और स्वच्छ तकनीक अर्थव्यवस्था को चपलता और उद्देश्य के साथ शक्ति प्रदान करने के लिए तैयार हैं।" हिंदुस्तान जिंक वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा एकीकृत जिंक उत्पादक और भारत का शीर्ष चांदी उत्पादक बना हुआ है। कंपनी के EBIT में अब चांदी का योगदान 38% है। पिछले 20 वर्षों में, हिंदुस्तान जिंक ने चांदी का उत्पादन 20 गुना बढ़ाया है और अब यह दुनिया के शीर्ष पाँच प्राथमिक चांदी उत्पादकों में से एक है। स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना, अर्धचालक, इलेक्ट्रिक वाहन, 5त्न तकनीक और जल शोधन प्रणालियों में उनके अनुप्रयोगों को देखते हुए, कंपनी को उम्मीद है कि दोनों धातुओं की मांग बढ़ेगी।

## नि:शुल्क मेडिकल कैंप में 165 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, जनता की मांग पर एक दिन के लिए बढ़ाया गया शिविर



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** नगर निगम जयपुर के वार्ड पार्षद एवं कमेटी चेयरमैन श्री रवि प्रकाश सैनी ने आज शिव मार्ग, बनीपार्क स्थित मीरा हॉस्पिटल में नि:शुल्क मेडिकल और डेंटल चेक-अप कैंप का उद्घाटन एवं अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस दो दिवसीय शिविर में आज कुल 165 लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें ब्लड टेस्ट, थायरॉइड और ब्लड शुगर की जांच शामिल रही। कैंप में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देखने को मिली, जहां 57 महिलाओं ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए पेप स्मीयर जांच के नमूने दिए। यह जांच पूरी तरह नि:शुल्क की जा रही है। यह विशेष शिविर मीरा चैरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर के सौजन्य से सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इन्फॉर्मेशन द्वारा 15-16 मई को आयोजित किया गया। ट्रस्ट के निदेशक आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गुटखा सेवन से होने वाले ओरल कैंसर तथा महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की समय पर जांच और रोकथाम है। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु पाटोदिया ने महिलाओं की जांच की, वहीं डॉ. अमित पाटोदिया द्वारा ओरल कैंसर से बचाव हेतु डेंटल चेक-अप किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञों ने बच्चों का भी नि:शुल्क परीक्षण किया। जनता की भारी मांग को देखते हुए शिविर को एक दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है। अब यह सुविधा शनिवार, 17 मई को भी सुबह 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है

## सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करें - आशुतोष सिंह




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)**। पी. एन. पब्लिक स्कूल,धौलपुर के तत्वावधान में ट्रैफिक नियमों के प्रति जन जागरूकता हेतु ट्रैफिक सेफ्टी रूल्स रैली का आयोजन किया गया रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन वाली तख्तियां ले रखी थी, रैली का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों जैसे हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट लगाना, ट्रैफिक सिग्नल नियमों का पालन करना,वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करना आदि के प्रति जन जागरूकता पैदा करना था । प्राचार्य श्रीमती दीप्ति हंस ने बताया कि विद्यालय द्वारा रैली दिनांक 12 से 17 मई 2025 तक चल रहे समर कैंप के अंतर्गत आयोजित की गई। समर कैंप में सूर्य नमस्कार, योग, स्विमिंग, गन शूटिंग, बैडमिंटन, डांस, म्यूजिक, मेहंदी डिजाइन, फायरलैस कुकिंग, डार्ट गेम, शतरंज, कैरम बोर्ड आदि अनेक खेल सिखाए जाएंगे व उनकी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। समर कैंप का समापन दिनांक 17 मई 2025 को गणेश स्तुति व सरस्वती वंदना से किया जावेगा। शांति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में यातायात प्रभारी आशुतोष सिंह द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई । उन्होंने कहा कि सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों की पालना करें यदि आप चालान के भय से यातायात नियमों की पालना कर रहे हैं । तो आप अपने आप को धोखा दे रहे हैं। वह शहर के अधिवक्ता रंजीत दिवाकर द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई व कार्यक्रम का संचालन किया गया। साथ ही गुलाब बाग चौराहे पर सभी यातायत कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## "राष्ट्रीय डेंगू दिवस" पर जिले में एंटीलार्वा, सर्वे, सैम्पलिंग समेत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित

### शनिवार को "विश्व उच्च रक्तचाप दिवस" का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। जिले में शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस "देखें,साफ़ करें, ढकें डेंगू को हारने के उपाय करें" थीम पर मनाया गया। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि डेंगू के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस वर्ष डेंगू दिवस "देखें,साफ़ करें, ढके डेंगू को हारने के उपाय करें" थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा एंटीलार्वा, सर्वे, सैम्पलिंग, एंटी अडल्ट गतिविधियां आयोजित की गईं। चिकित्सा संस्थानों में आमजन को डेंगू से बचाव सम्बन्धी जानकारी देने के साथ ही जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बुखार के रोगियों को चिन्हित कर सैंपल लिए गए। उन्होंने बताया कि शनिवार, 17 मई को "विश्व उच्च रक्तचाप दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। इस आयोजन के साथ ही आगामी एक माह तक जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जिले में चिकित्सा संस्थानों पर कैम्पों का आयोजन कर आमजन की हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग के साथ ही विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि डेंगू से बचाव हेतु एहतियात बरतनी ज़रूरी हैं। बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी मच्छरों को पनपने से रोकना है। डेंगू का मच्छर साफ पानी मे पनपता है इसलिए पानी के बर्तन को खुला न रखें। साथ ही किचन एवं बाथरूम को सूखा रखें और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार होने पर बिना देरी किए चिकित्सक से मिले और उपचार लेवें।

# श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में अनुसंधान पद्धति पर कार्यशाला का आयोजन

### गुणवत्तायुक्त रिसर्च से ही कृषि क्षेत्र में उन्नति संभव - डॉ. आर. एस. राणा



जयपुर टाइम्स

**जोबनेर(निसं.)**। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में गुरुवार को बी.एससी., एम.एससी. व पीएच.डी. विद्यार्थियों के लिए "गुणवत्ता युक्त रिसर्च" विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक शोध की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराना एवं उन्हें गुणवत्ता युक्त अनुसंधान की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. आर. एस. राणा थे। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त रिसर्च ही अधिक उत्पादन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। डॉ. राणा ने शोध विषय के चयन, परिकल्पना निर्माण, डाटा संग्रहण, विश्लेषण एवं निष्कर्ष प्रस्तुति जैसे प्रमुख पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी दिए, जैसे विषय चयन में स्पष्टता, संसाधनों का बेहतर उपयोग, समय प्रबंधन एवं सांख्यिकीय टूल्स की समझ। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान केवल अकादमिक गतिविधि नहीं बल्कि यह किसानों के जीवनस्तर को सुधारने व समाज के सतत विकास से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। संयम, अभ्यास एवं अनुभवी मार्गदर्शन को उन्होंने सफल शोध की कुंजी बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. ए. सी. शिवरान द्वारा किया गया, जिन्होंने खरीफ फसलों में बीज उपचार की उपयोगिता पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शैलेश गोदिका ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. डी.के. जाजोरिया, डॉ. बी.एस. बधाला, डॉ. बी.एल. दूधवाल, डॉ. शैलेन्द्र एवं डॉ. बी.एस. चंद्रावत सहित महाविद्यालय के 143 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। यह कार्यशाला शोध के प्रति विद्यार्थियों में नई सोच एवं दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक रही।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सीकर जिले के गाड़ोदा आए

# गुलाब जती महाराज की बरसोदी महोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल, संतों का लिया आशीर्वाद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)**। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सीकर जिले के नेछवा उपखण्ड में स्थित शिवमठ धाम गाड़ोदा में आए। उप मुख्यमंत्री बैरवा गाड़ोदा धाम महंत पूज्य महावीरजी के संत सानिध्य में आयोजित परम पूज्य गुरुदेव 1008 श्री गुलाब जती महाराज की 7 वीं बरसोदी महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित हो कर ब्रह्मलीन पूज्य गुलाब जती महाराज को नमन किया। इस दौरान उन्होंने सांगलिया पीठाधीश्वर पूज्य ओमदासजी महाराज, बुद्धगीरी मढी संत दिनेश गिरी महाराज, लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने इस अवसर पर कहा कि साधु-संतों की आध्यात्मिक वाणी और आध्यात्मिक प्रवचन एवं गौ-सेवा के साथ हम सब मिलकर एक हिंदू राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभायेंगे। इस दौरान बैरवा ने गाड़ोदा गांव के विकास कार्य को लेकर ओर नेछवा में पीजी कॉलेज खोलेने की मांग पर कहा कि आगामी बजट में राज्य सरकार से दोनों मांगों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि सामाजिक सुन्दरता और अध्यात्मिक ज्ञान यहां मठ में आकर ही मिलता हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन अच्छा हो इसलिए वह गुरूओं के आध्यात्मिक प्रवचन सुनने के लिए शिवमठ में आते है और इस मठ से अध्यात्मिक विचार लेकर जाते है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में संतो का योगदान अनुकरणीय है। संत समाज को एक नई दिशा की और ले जाते है जिससे समाज और राष्ट्र का विकास होता है।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शनिवार को आएंगे बीकानेर

**बीकानेर (निसं.)**।मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शनिवार दोपहर 12.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां से दोपहर 1.15 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1.35 बजे रिद्धि सिद्धि भवन में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3.35 बजे यहां से प्रस्थान कर सायं 4 बजे पलाना गांव में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके पश्चात यहां से सायं 5 बजे प्रस्थान कर सायं 5.10 बजे देशनोक के करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री करणी माता मंदिर से सायं 5.30 बजे प्रस्थान कर, देशनोक में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे।

## अब जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक करेंगी रीको कार्यों की मॉनिटरिंग

**बीकानेर(निसं.)**। जिला स्तरीय वाद एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने रीको की कार्यप्रणाली और उसके द्वारा करवाए जा रहे कार्यों को लेकर उद्यमियों द्वारा विभिन्न शिकायत दर्ज करवाने पर जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा को रीको द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की नई जिम्मेदारी सौंपी। जिला कलेक्टर ने कहा कि रीको कार्यों की मॉनिटरिंग अब जीएम डीआईसी करेंगी। पिछले 2 साल से खारा में फायर स्टेशन का कार्य शुरू नहीं होने पर जिला कलेक्टर ने इस बाबत डीओ लेटर लिखने के निर्देश जीएम डीआईसी को दिए। बैठक में उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में उदयपुर की तर्ज पर साइन बोर्ड लगाने, लाइट की व्यवस्था करने, साफ सफाई करवाने, रीको इलाके से शराब के ठेके हटाने की मांग पर जिला कलेक्टर ने रीको अधिकारियों को इस बाबत दिशा निर्देशित किया। उद्यमियों ने कहा कि लाभुजी कटला में 40 साल पुरानी बिजली की वायरिंग है। पूरा मार्केट बारूद के ढेर पर बैठा है। जिला कलेक्टर ने बीकेईएसएल अधिकारी को तत्काल वायरिंग ठीक करने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने कोटगेट और केईएम रोड को भी वायर फ्री किए जाने की मांग की तो बीडीए कमिश्नर अपर्णा गुप्ता ने कहा कि उदयपुर में यह कार्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत हुआ था।

राजस्थान सरकार

## कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जिला चूरू

आयकर कार्यालय के पास, शेखावत कॉलोनी सड़क, चूरू (राजस्थान)

E-MAIL: daochuru@gmail.com dao.chu.ayu@rajasthan.gov.in Telephone No. 01562-250146

क्रमांक- स्टोर / निविदा / मसाजर / 2025-26 / 2939- 42 दिनांक- 16/05/25

### मसाजर (अभ्यंगकर्मी) हेतु खुली बोली 02/2025-26

इस कार्यालयाधीन संचालित डी. बी. राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, एक छत के नीचे, चूरू में पंचकर्म केंद्र हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मसाजर (अभ्यंगकर्मी) को आउटसोर्स से जॉब बेसिस पर पूर्णतया अस्थायी रूप से लिया जाना है। अतः इच्छुक रजिस्टर्ड फर्मे / सेवा प्रदाता कम्पनीयां / एजेन्सी अथवा हूतह् निम्नानुसार दिनांक व समय पर मसाजर (अभ्यंगकर्मी) को लगाने की अपनी दरें संलग्न प्रपत्र में बंद लिफाफों में प्रस्तुत करें।

| क्रसं | विवरण | अनुमानित लागत | बोली शुल्क | बोली हेतु प्रतिभूति राशि | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मसाजर (अभ्यंगकर्मी) 1 पुरुष 1 महिला | 260000/- रूपये | 500/- रूपये | 5200/- रूपये | दिनांक 23.05.2025 को 12 PM तक | दिनांक 23.05.2025 को 3.00 PM |

**बिड की शर्ते-**

1. संविदा प्रपत्र, नियम / शर्ते, संविदा से संबंधित दस्तावेज आदि निर्धारित बिड प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 23.05.2025 तक अथवा वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in से बिड प्रपत्र Online Download कर भरकर प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. बोलीदाता द्वारा आवेदन के साथ रूपये 500 /- मात्र का बोली फार्म शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर चैक उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, चूरू के नाम (Payable at Churu) संलग्न करना होगा।
3. बोली प्रतिभूति राशि रूपये 5200/- का बैंकर चेक / डी. डी. उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, चूरू के नाम (Payable at Churu) संलग्न करना अनिवार्य है। बोली प्रतिभूति राशि जमा के अभाव में बोली स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. बोली प्रपत्र सील बंद लिफाफे में, जिसके उपर "मसाजर (अभ्यंगकर्मी) हेतु खुली बोली 2025-26" अंकित हो, इस कार्यालय में दिनांक 23.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए ।
5. प्राप्त बोली को दिनांक 23.05.2025 को दोपहर 03.00 बजे उपस्थित बिडदाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस कार्यालय के उपनिदेशक कक्ष में उपापन समिति द्वारा खोला जाएगा।
6. बोली के साथ में, संबधित फर्म का GSTIN पंजीयन प्रमाण पत्र, Pan Card की प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी एवं फर्म के बैंक खाते का विवरण उपलबध कराना होगा।
7. उपापन संस्था न्यूनतम दर वाली बोली को स्वीकार किए जाने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह किसी भी बोली को या उसके किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताए रद्द कर सकेगी। समस्त मामलों में उपापन कमेटी का निर्णय अन्तिम एवं मान्य रहेगा।
8. बोली प्रपत्र में वर्णित शर्तों के अतिरिक्त जहाँ आवश्यक हो सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के नियम तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 व नियम 2013 के प्रावधान व समय-समय पर किए गए संशोधन भी उक्त बोली आमंत्रण सूचना पर लागू होंगें ।
9. मसाजर का कार्य संतोषजनक नहीं होने पर कभी भी हटाया जा सकता है।
10. मसाजर (अभ्यंगकर्मी) पूर्णतया आउटसोर्स से जाब बेसिस पर अस्थायी रूप से है एवं पंचकर्म कार्य नहीं होने पर हटाया जा सकता है।
11. बोलीदाता अपनी दरों के साथ मसाजर (अभ्यंगकर्मी) का नाम प्रस्तुत नहीं करे।

(डॉ. सत्यवीर सिंह)
उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग
चूरू (राज.)

## सीएमएचओ के द्वारा ब्लैक लिस्ट के आदेश पर संस्था को मिली है उच्च न्यायालय से स्टे

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)**। भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान धौलपुर की सोशल मीडिया पर जो भ्रामक खबरे फैलाई जा रही है। वह केवल संस्था को बदनाम करने की नीयत से फैलाई जा रही है। संस्थान के कर्मचारी सक्षम गुप्ता ने बताया सीएमएचओं सवाईमाधोपुर के ब्लैक लिस्ट आदेश एवं निविदा पर संस्था को उच्च न्यायालय से 6 फरवरी 2025 को ही स्टे प्राप्त हो गया था तथा तत्कालीन सीएमएचओं द्वारा भी अपने ब्लैक लिस्ट आदेश को स्वतः ही 2 जनवरी को संतोषजनक अभ्यावेदन के आधार पर विड्रा कर लिया गया था। वर्तमान में भी उच्च न्यायालय के उक्त स्थगन आदेश एवं आरटीपीपीएक्ट RTPP एक्ट 2012 के नियम 39 एवं 46 के आधार पर ही संस्था द्वारा नवीन निविदाओं में भाग लिया जा रहा है तथा आवश्यक शपथ पत्र प्रस्तुत किये जा रहे है। संस्था द्वारा किसी भी निविदा में झूठे शपथ पत्र नही दिये गये है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सवाईमाधोपुर द्वारा गत माहों मार्च एवं अप्रेल में भी संस्था से कार्मिकों की सेवाऐ ली गई है एवं संतोषजनक सेवाऐं उपलब्ध कराने के एवज में संस्था को कार्मिक का भुगतान भी किया गया है। जिसे संस्था द्वारा नियमित एवं समय पर भुगतान भी किया गया है। जिसकी प्रति संलग्न है। उच्च न्यायालय के उक्त स्थगन आदेश एवं आर.टी.पी.एक्ट 2012 के नियम 39 एवं 46 के नियमानुसार ही संस्था द्वारा नवीन निविदाओं में भाग लिया जा रहा है तथा शपथ पत्र प्रस्तुत किये जा रहे है। संस्था द्वारा वर्तमान में जिले में एवं अन्य जिलों में भी नियमित कार्य सम्पादित किये जा रहे है।

## नाम परिवर्तन

मैं पंकज कुमार पुत्र श्री मुकेश कुमार उमर 26 वर्ष निवासी 560 ए राहुल सिटी कालवाड़ रोड कालवाड़ जयपुर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम हिमांक फौजदार अंकित है मैं मेरे पुत्र का नाम हिमांक फौजदार से बदलकर हिमांक कुमार करना चाहता हूं अतः भविष्य में समस्त सरकारी हर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय में मेरे पुत्र को हिमांक कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए

## कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com, Phone no. 01568-222419

क्रमांक :- न.प.सु/सफाई शाखा/2025/1463 दिनांक :- 15/05/2025

**निविदा सूचना - 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 23.05.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 23.05.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट **www.sppp.raj.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– DLB2526WSOB04853 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/2441 आयुक्त

## कार्यालय राजधानी कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) जयपुर

क्रमांक :- 236 - 53 दिनांक :- 15/05/2025

राजधानी कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) जयपुर कूकरखेडा एक वर्ष की अविध के लिए निर्मित केन्टीन भवन में "किसान कलेवा योजना 2014" के कार्य हेतु दर अनुबंध करने के लिए में ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई–प्रोक्युरमेंट पोर्टल द्वारा आनलाईन निविदाऐ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.05.2025 को 02.00 च्ड तक है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** विभागीय बेवसाईट **https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam/** तथा कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है। **UBN No. : DAM2526SSOB00112**

राज.संवाद/सी/25/2460 सचिव

## कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com, Phone no. 01568-222419

क्रमांक :- न.प.सु/सफाई शाखा/2025/1461 दिनांक :- 15/05/2025

**निविदा सूचना - 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 23.05.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 23.05.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट **www.sppp.raj.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– DLB2526WSOB04845 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/2440 आयुक्त

## कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com, Phone no. 01568-222419

क्रमांक :- न.प.सु/स्टोर शाखा/2025/1476-81 दिनांक :- 15/05/2025

**निविदा सूचना - 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 22.05.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 22.05.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट **www.sppp.raj.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक – **(DLB2526GSOB04917), (DLB2526GSOB04918), (DLB2526GSOB04919)** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/2439 आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ़

राजस्थान सरकार

## विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए प्रतिवादी के नाम

### आव्हान पत्र

(आर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी)

न्यायालय- श्रीमान उपखण्ड अधिकार स्थान- रतनगढ़
मोहनी वादी विरूद्ध. अमित कुमार अतिवादी

वाद

बनाम मु.सं. 81 सं. 2024

श्री सरोज पुत्र w/o मुन्नालाल जाति मेहत्तर निवास स्थान शितला चौक, हरिजन बस्ती, चुरू (राज.). क्योंकि वादीनी ने आपके विरूद्ध एक दावा खाता विभाजन दायर किया अतः आपको का उत्तर देने के लिए ता. 27 माह 2025
बजे दिन के व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमे हाल से परिचित किया गया है मुकदमे सम्बन्धी समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है ।
ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपको अनुस्थिति में सुनकर निर्णय कर दिया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय को मुद्रा युक्त दिनांक 14 माह 5 सन 2025 को जारी किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
रतनगढ़

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड - प्रथम, जयपुर

क्रमांक: 1020-1039 दिनांक- 8-5-2025

### निविदा सूचना संख्या- 46/2025-2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु नियमानुसार उपर्युक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 20.05.2025 तक को सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते है। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 21.05.2025 को इस कार्यालय में अपरान्ह 11.00 बजे खोली जाएगी ।राजस्थान सरकार, वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(5)वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ईप्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर ई-निविदाओ के प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मूल्य ( Tender Fee) बिड सिक्योरिटी (EMD) एवं RISL फीस को ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि / प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in / www.dipronline.org पर देखे जा सकते है ।

UBN - PHE 2526WSRC02096

6185/2025

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम, जयपुर
T.Ph.0141-2221802

# लाठी-सरियों से लैस बदमाशों ने रोडवेज बस पर किया हमला

## दो गाड़ियों में भरकर आए, बस को रुकवाया, ड्राइवर-कंडक्टर को पीट पीट कर किया घायल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** चलती रोडवेज बस का दो गाड़ियों में भरे बदमाशों ने पीछा किया। सभी के हाथ में लाठी-डंडे और सरिए थे। बस को रुकवाकर उन्होंने हमला कर दिया। बस के शीशे फोड़ दिए। ड्राइवर-कंडक्टर को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। सवारियों में चीख-पुकार मच गई। घटना झुंझुनूं के सदर थाना इलाके में नरसिंहपुर गांव के पास शुक्रवार दोपहर हुई। जानकारी के अनुसार श्रीमाधोपुर डिपो की एक रोडवेज बस झुंझुनूं से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। शहर के सदर थाना इलाके में नरसिंहपुर गांव के स्टैंड के पास अचानक दो गाड़ियों में बदमाश आए। उन्होंने बस पर हमला कर आगे का शीशा फोड़ दिया। इसके बाद बस में चढ़कर संविदा पर लगे ड्राइवर जीतू और कंडक्टर श्रवण टेलर पर लाठी-सरियों से हमला कर घायल कर दिया। बस में चीख-पुकार मच गई। ड्राइवर-कंडक्टर को पीटा, बस का शीशा फोड़ा,बस को वहीं रोक दिया गया। सवारियों को दूसरी बस में शिफ्ट कर भेजा गया।




**एक सवारी को बैठाने से मना किया था**

कंडक्टर श्रवण टेलर ने बताया कि गुढ़ा फाटक के पास कुछ लोग एक सवारी को बस में बैठाने की कोशिश कर रहे थे। नियमों का हवाला देते हुए सवारी बैठाने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर उनसे तीखी बहस हो गई थी। उन्हीं लोगों ने फोन कर अपने साथियों को बुलाया और दो गाड़ियों में सवार होकर बस के पीछे लग गए। बस टोल प्लाजा (नरसिंहपुर) पहुंची तो बदमाशों ने बस को जबरन रोक लिया। बदमाशों के हाथों में लाठी, सरिए और लोहे की रॉड जैसे हथियार थे। बस में घुसकर उन्होंने मुझ पर और ड्राइवर जीतू पर हमला कर दिया। इकट्?ठा किया हुआ किराया भी छीन लिया। बस के आगे का शीशा फोड़ दिया। सवारियों में डर का माहौल बन गया।

**दूसरी बस से यात्रियों को भेजा गया गंतव्य**

हमले में ड्राइवर जीतू और कंडक्टर श्रवण घायल हो गए। रोडवेज प्रशासन ने दूसरी बस की व्यवस्था की और सभी यात्रियों को शिफ्ट कर जयपुर के लिए रवाना किया।

### पुलिस को फोन किया, काफी देर तक नहीं पहुंची

ड्राइवर और कंडक्टर का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद आपातकालीन नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचित किया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी पुलिस की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे गहरा रोष और असुरक्षा की भावना है। रोडवेज कर्मचारियों ने कहा कि अगर पुलिस समय पर पहुंचती तो शायद हमलावरों को मौके पर ही पकड़ा जा सकता था। स्थिति को बिगड़ने से बचाया जा सकता था।

### कर्मचारी यूनियन ने की कड़ी निंदा, सुरक्षा की मांग

रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने हमले की निंदा की है। यूनियन के पदाधिकारियों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन से ठोस और पुख्ता इंतजाम करने का आग्रह किया है। सदर थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने घायल कंडक्टर और ड्राइवर के बयान दर्ज कर लिए हैं। हमलावरों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाले जा रहे हैं।

## खेजड़ा के खेत में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड की भानीपुरा पुलिस ने गांव खेजड़ा दिखनादा के खेत में हुई चोरी का खुलासा करते हुए चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। भानीपुरा थाना अधिकारी राय सिंह ने बताया कि 14 मई को गांव खेजड़ा दिखनादा निवासी हुकमाराम ने पुलिस थाने में एक रिपोर्ट देकर बताया कि मेरा एक खेत गांव की उतरादी रोही खेजड़ा से पिचकराई जाने वाले मार्ग पर स्थित है। खेत में ट्यूबवेल कर रखा है। पानी स्टोर के लिए डिग्गी बना रखी है। डिग्गी से फसल में पानी देने के लिए जनरेटर लगा रखा हैं। 10 मई को सुबह करीब 7 बजे मैं मेरे खेत को संभालने के लिए गया तो डिग्गी के पास रखा जनरेटर व ट्रैक्टर का क्राआ, एक लोहे की चारपाई, एक ड्रम, एक बैटरी, स्टील बाल्टी, रबर की केन, पीतल की टोकनी, एक काला तिरपाल नहीं मिला। इधर-उधर तलाश किया तो पता चला कि रात्रि के समय कोई चोरी कर ले गया। पुलिस थाने में दर्ज मामले को लेकर अनुसंधान एएसआई राजेंद्र कुमार ने मौका मुआयना कप जांच शुरू की। मामले की छानबीन करने पर गांव बोघेरा निवासी बिहारी लाल पुत्र भीखदास स्वामी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर अन्य चोरियों को लेकर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर खुलासा करने के लिए अनुसंधान शुरू करेगी।

## 365 डेज रील चैलेंज गौ भक्तों के लिए बना प्रेरणादायी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर 365 दिन गौ सेवा को समर्पित कर श्रीराम गौशाला ने एक अनोखी पहल की है। गौरतलब है कि श्रीराम गौशाला की ओर से शुरू किया गया 365 डेज रील चैंलेंज गौभक्तों के लिए प्रेरणादायी बन गया है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत गौशाला की समर्पित टीम के सदस्य कृष्णा जांगिड़, हेमंत सैनी, आशीष सैनी, युवराज जांगिड़, अरविंद सैनी सहित अन्य सदस्य प्रतिदिन इंस्टाग्राम पर गौसेवा की एक रील पोस्ट कर रहे हैं। ये रील्स गौ सेवा, गौ माता की देखभाल, चारा वितरण, उपचार और समाज में जागरूकता लाने पर केंद्रित हैं। इन सदस्यों ने बताया कि गौशाला का मुख्य उद्देश्य केवल गायों की सेवा करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज को पुनः गौ माता के महत्व की ओर लौटाना है। आज हजारों लोग इस मुहिम से जुड़ चुके हैं और प्रेरणा ले रहे हैं। इस टीम का संदेश है कि हर दिन एक रील, हर दिन एक सेवा, यही है सच्चा धर्म और कर्तव्य। गौसेवा का यह कार्य 365 दिन तक लगातार चलेगा। शहर वासियों ने कृष्णा जांगिड़, हेमंत सैनी, आशीष सैनी, युवराज जांगिड़, अरविंद सैनी आदि युवाओं के कार्य की सराहना की है।

## विद्युत् निगम की लापरवाही पड़ सकती है नौनिहालों पर भारी



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सिरियासर गांव के सरकारी विद्यालय में विद्युत् निगम की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान सिरियासर कलां ने बताया कि गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार से सटी स्कूल बाउंड्री से हाईटेंशन लाइन बिजली के तार वहां खड़े वृक्षों को छुकर निकलतें है। वहीं स्थान पर स्कूल के छात्र छात्राओं की ओर से खेलने के काम लिया जाता हैं।वहां उपस्थित स्कूल स्टाफ ने बताया कि इससे पूर्व में बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी गई हैं पर अब तक विभाग की ओर से इस पर कोई कार्य नहीं किया गया है जो चिंताजनक है। इसी संदर्भ में ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर अपना रोष व्यक्त किया व जिला प्रशासन को मीडिया के माध्यम से अवगत करा इस जान लेवा समस्या से जल्द राहत मिले इसके लिए संबंधित विभाग को जिला प्रशासन त्वरित कार्रवाई के लिए आदेशित करे। इस दौरान स्कूल के बच्चों सहित पूर्व अध्यापक सुभाष चन्द्र लोयल कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान, सुबेदार रामुतार लोयल, मनीष लोयल, पंच प्रतिनिधि सुभाष धीवा, संदीप, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सिरियासर में विशाल शौर्य यात्रा कल



**मण्डावा(निस)।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव व मण्डावा विधायक रीटा चौधरी की अगुवाई में रविवार को शाम चार बजे सिरियासर कलां मोडमें शहीद स्मारक, झुंझुनूं तक विशाल शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। मण्डावा नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ने बताया कि यह यात्रा कार्यकम 'बेटियों की शान में, झुंझुनूं है मैदान में' के तहत निकाली जाएगी।

## राजकीय विद्यालय में बाल वाटिका कक्ष का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नम्बर 4 में पंडित गंगाधर मिश्र परमार्थ सेवा संस्थान की ओर से सुशीला देवी मिश्र की 21 वीं पुण्यतिथि पर तैयार करवाए गए बाल वाटिका कक्ष का लोकार्पण मुख्य अतिथि पंचायत समिति उप प्रधान केशरीचंद शर्मा की ओर से किया गया। उन्होंने इस बाल वाटिका कक्ष का राजकीय विद्यालय में निर्माण करने की संकल्पना को एक अनूठी पहल बताते हुए कहा विद्यालय में अध्ययनरत कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के अधिगम में यह कक्ष वरदान साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतीश मिश्र ने कहा कि आधुनिक भौतिक संसाधनों की अनुपलब्धता के चलते राजकीय विद्यालयों के नौनिहाल कहीं उत्तम शिक्षण प्राप्त करने से पिछड़ न जाए इसी उद्देश्य के मद्देनजर इस कक्ष को तैयार करवाया गया है। जिसमें अनेक ज्ञानवर्धक व मनोरंजन सामग्री के साथ साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंशी के संसाधन एलेक्सा आदि का समावेश किया गया है। कार्यक्रम में एडवोकेट माणक चंद भाटी, रमेश कुमार इंदौरिया, शोभाकांत स्वामी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक व संस्था प्रधान सरोज पारीक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान ही विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम



सुनाया गया व प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ महेंद्र शर्मा, जितेंद्र स्वामी, मुखराम नाथोलिया, शांतिलाल नाथोलिया, सुनील मिश्र, मांगीलाल सेवदा, दिनेश कुमार मिश्र, नंदलाल प्रजापत, रवि नाथोलिया, राजन जांगिड़, रतनलाल मोयल, राजेश पारीक, राजू खोखर, अमित आंचलिया, विकास पारीक, चंद्रप्रकाश लाटा, भरत गौड, अमित सोनी, मुकेश देरासरी, विद्यालय स्टॉफ सदस्य मुन्नीलाल रैगर, भवानी शंकर सैनी, अख्तर हुसैन खिलजी, राजूराम, बजरंगलाल शर्मा, संतोष सैनी, सुबधा, भगवती शर्मा, सुषमा सोनी, डिंपल सोनी, कांता स्वामी, नीता लाटा आदि उपस्थित रहे। विद्यालय उप प्राचार्य किरण जांगिड़ ने समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सम्पत राम जांगिड़ ने किया।

## भादवाड़ी के ढाणी डेरीवाली शिव मंदिर में दिन दहाड़े चोरी

जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस)।** भादवाड़ी की ढाणी डेरीवाली के शिव योगेश्वर मंदिर में बीते दिन चोरों ने दिनदहाड़े चोरी कर हजारों का सामान ले गए। चोरी की सूचना पर श्रद्धालुओं व ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों की धार्मिक भावना आहत हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी हुए सामान में दान पेटी अनुमानित राशि 7000 नगद, झालर -2, घंटी-2, आरती दीपक-2, तांबा कलश 10 लीटर, कांसी की थाली,




रामजारा-2, कुल अनुमानित 25 हजार रूपए का सामान चोरी हो गया। पिछले दिनों चोरों ने भादवाड़ी में जीण माता मंदिर सहित तीन जगहों पर भी चोरी को अंजाम दिया था। सूचना पर थाना खंडेला व पुलिस चोकी कांवट से पुलिसकर्मी ने पहुच कर घटना स्थल का मोका निरीक्षण किया। लेकिन चोर पुलिस की पकड़ से दूर है । लोगों ने बताया कि खंडेला थाना क्षेत्र से काफी दूर होने व गस्त नहीं होने से चोर इलाके में सक्रिय है।

## सुनार, मोची व शुजमेकर के लिए विशेष शिविर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मिलेगा लाभ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** भारत सरकार की ओर से शुरू की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक हस्तशिल्प व शिल्पकला से जुड़े दस्तकारों को लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योजना के तहत दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूलकिट तथा ब्याज पर सब्सिडी वाले ऋण की सुविधा दी जा रही है।
जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र, झुंझुनूं के महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि योजना की 18 श्रेणियों में काम करने वाले दस्तकार जैसे कि मोची, सुनार, सुथार, लोहार, खिलौना निर्माता आदि शामिल हैं। योजना में शामिल होने के लिए दस्तकार अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जन आधार कार्ड और राशन कार्ड आवश्यक हैं।
विशेषकर सुनार और मोची (शुजमेकर) वर्ग के दस्तकारों के लिए 17 मई को एक विशेष शिविर का आयोजन अम्बेडकर कॉम्पलेक्स, प्रभात टॉकीज के पास, रोड नंबर 1, झुंझुनूं में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में मौके पर ही पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। महाप्रबंधक ने सभी संबंधित दस्तकारों से अपील की है कि वे इस शिविर में भाग लेकर योजना की जानकारी प्राप्त करें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## कोटवाद टिब्बा के विद्यालय में परिंडों की सार संभाल की ली जिम्मेदारी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटवाद टिब्बा में हो रहे ग्रीष्मकालीन अवकाश को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में बेजुबान पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था के लिए परिंडे लगाए गए। इन परिंडों की सार संभाल का जिम्मा विद्यालय के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि षुक्रवार से विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो रहे हैं, जिससे आगामी एक माह की अवधि तक विद्यालय में अवकाश रहेगा। भीषण गर्मी व लू के प्रकोप को देखते हुए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। अभिभावकों की ओर से की गई इस अभिनव पहल के लिए विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अजयपाल सिंह, किशन लाल सहारण, आशुतोष मिश्रा, अध्यापिका अनिता कुमारी, कमलेश कुमारी, भंवरी देवी आदि उपस्थित रहे।

# झुंझुनूं में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन : मंत्री विजय शाह पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने शुक्रवार को झुंझुनूं जिला कलेक्ट्रेट पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने और उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। यह प्रदर्शन मंत्री विजय शाह की ओर से सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में किया गया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्रित होकर मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाखड़ ने कहा कि सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो नेतृत्व और शौर्य दिखाया, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। ऐसे में उनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी बेहद




शर्मनाक है और मंत्री विजय शाह पर तत्काल देशद्रोह का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाना चाहिए। एनएसयूआईं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा महिला सशक्तिकरण की बातें करती है, और दूसरी ओर एक महिला अधिकारी, जिसने देश की रक्षा में अहम भूमिका निभाई है, उसके खिलाफ अपने ही मंत्री से इस तरह की ओछी टिप्पणी करवाती है। यह बयान न केवल निंदनीय है, बल्कि यह स्पष्ट करता है कि भाजपा का असली चेहरा क्या है। उन्होंने कहा कि देश की सेना और उसके जवानों की कुर्बानियों का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। सोफिया कुरैशी जैसी वीर महिलाओं के बलिदान और योगदान पर देश को गर्व है, और ऐसे अपमानजनक बयानों के लिए कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### राहुल गांधी के खिलाफ मामलों पर विरोध

प्रदर्शनकारियों ने बिहार में कांग्रेस नेता और केंद्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गए मामलों पर भी विरोध जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष को दबाने और सच्ची आवाज़ों को कुचलने का काम कर रही है। ऐसे में एनएसयूआई देशभर में प्रदर्शन करेगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

### आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

प्रदर्शन के अंत में एनएसयूआईं ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा, जिसमें मंत्री विजय शाह के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
17 मई, 2025

## नगरपरिषद ने किया इंकार, राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि 15 दिन में अपीलार्थी को सूचनाएं दो

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ नगरपरिषद सूचना के अधिकार अधिनियम 2055 के तहत आवेदकों को सूचनाएं देने के प्रति गंभीर नहीं है। इसलिए आवेदकों को सूचना आयुक्त तक गुहार लगानी पड़ती है। हाल ही में एक ऐसा वाकया सामने आया है, जिसमें नगरपरिषद आयुक्त ने सूचनाएं विस्तृत और अस्पष्ट होने का बहाना बनाकर सूचनाएं देने में टालमटोल कर लिया। लेकिन सूचना आयुक्त ने इस मामले में प्रार्थी को 15 दिनों में बुलाकर सूचना मुहैया करवाने के आदेश आयुक्त को दे दिए। इससे साफ जाहिर होता है कि सुजानगढ़ नगरपरिषद आखिर क्या छुपाना चाहती है? दरअसल 22 अक्टूबर 2024 को नगरपरिषद सुजानगढ़ में पथिक सेवाश्रम संस्था के महावीर पोसवाल की ओर से सीवरेज प्रथम फेज के बारे में काफी सारी जानकारियां सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई थी। जैसा कि इन दिनों सुजानगढ़ शहर में देखा जा रहा है कि सीवरेज के बेतरतीब कार्य के कारण जनता परेशान है




और घरों में हजारों कनेक्शन पेंडिंग पड़े हैं। ऐसे में लोगों को यह काफी आशंका है सिवरेज प्रथम वाली कंपनी मजूरी करके जनता को उल्लू बनाकर यहां से चली जाएगी। क्योंकि थोड़े सालों में ओ एण्ड एम अर्थात ऑपरेशन एण्ड मेंटिनेंश की अवधि भी समाप्त होने वाली है। ऐसे में लोगों में सिवरेज को लेकर दस्तावेजात इकट्ठे करने की लगन है, क्योंकि नेता भ्रष्टाचार होते चुपचाप देख सकते हैं। लेकिन आम जनता नहीं देख सकती। इसीलिए इस प्रकार की सूचनाएं मांगी जाती हैं। महावीर पोसवाल के मामले में यह हुआ कि नगरपरिषद आयुक्त ने प्रार्थना पत्र का कोई जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद सभापति के पास प्रथम अपील की गई। उसके बाद भी न तो सूचनाएं दी गई और न कोई जवाब दिया गया। जब प्रार्थी ने आयुक्तालय में अपील कर दी, तो वहां पर नगरपरिषद को लगा कि अब कोई जवाब तो देना पड़ेगा। 4 अप्रेल को आयुक्तालय में मामले की तारीख थी। जिस पर मात्र एक दिन पहले प्रार्थी महावीर पोसवाल को आयुक्त ने आवेदन का जवाब देते हुए लिखा कि आपकी ओर से चाही गई सूचनाएं विस्तृत और अस्पष्ट हैं, जिसके कारण सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसी जवाब की प्रतिलिपि राज्य सूचना आयोग को भी भेजी गई। जिस पर अगले ही दिन मामले की 4 अप्रेल 25 को राज्य सूचना आयोग में सुनवाई हुई। जिस पर सूचना आयुक्त ने अपने आदेश में लिखा की आरटीआई आवेदन का अवलोकन करने पर साफ पता चलता है कि चाही गई सूचनाएं विस्तृत, बहुआयामी और खोजबीनपरक हैं। अतः आरटीआई कानून की भावना को मध्यनजर रखते हुए सूचनाएं 15 दिनों में प्रार्थी को अवलोकन करवाकर उपलब्ध करवाई जाए। अदेय सूचनाओं को छोड़कर समस्त सूचनाएं मुहैया करवाने के आदेश राज्य सूचना आयुक्त, जयपुर की ओर से आयुक्त सुजानगढ़ को दिए गए हैं। ऐसे में सोचने वाली बात ये है कि नगरपरिषद सूचनाओं को देने के प्रति टालमटोल का रवैया क्यों रखती है? क्या अधिकारियों को सूचना के अधिकार के तहत होने वाले आवेदनों से कोई दिक्कत की आशंका संभावित लगती है। प्रार्थी महावीर पोसवाल ने बताया कि सूचना आयोग के आदेश के साथ आयुक्त से मिला हूं, जिस पर उन्होंने सूचना दिलाने का आश्वासन दिया है और साथ ही ये भी मुझे कर्मचारी ने कहा है कि सम्बंधित फाईल सभापति के चैम्बर में ताले में बंद है।

## जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक 20 को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में 20 मई को सांय 4 बजे जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। एलडीएम अमरसिंह ने बताया कि बैठक में 31 मार्च को समाप्त तिमाही पर जिले में कार्यरत बैंकों के ऋण-अनुपात की समीक्षा, वार्षिक साख योजना के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति, राजकीय ऋण योजनाओं के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा और स्वयं सहायता समूहों, वित्तीय समावेशन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस आज, एक माह तक होगी विभिन्न गतिविधियां

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चिकित्सा विभाग की ओर से शनिवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही एक माह तक जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस सभी चिकित्सा संस्थानों पर मनाया जाएगा। वर्तमान में विश्व में असामयिक मृत्यु का एक कारण हृदय रोग व उच्च रक्तचाप भी है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप से होने वाली मृत्यु को काफी कम किया जा सकता हैं। उच्च रक्तचाप के बारे में आमजन को जारूगरूक करने के लिए कार्डियोवास्कुलर हैल्थ फॉर एवरी वन थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीण झूरिया ने बताया कि जिले में 17 मई से 16 जून तक माह तक हाइपरटेंशन दिवस से संबंधित जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा। इसके तहत कैम्प का आयोजन कर स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैम्पेन के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 जिलों को केन्द्र सरकार और पांच जिलों को राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सीएचसी के एनसीडी क्लिनिक पर एक माह तक विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता स्क्रीनिंग शिविर, वैबिनार, ट्रेनिंग आदि का आयोजन किया जाएगा।

## कृषि उपज मण्डी समिति चूरू में खाली भूखण्डों का गोदाम आवंटन के लिए बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी समिति, चूरू में पूर्व में आवंटित दुकानों के पीछे खाली भूखण्डों का गोदाम के लिए आवंटन के लिए गुरुवार को आत्मा परियोजना सभाकक्ष में आवंटन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मंडी सचिव पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में आवंटन समिति की ओर से कुल 31 भूखण्डों के विरूद्ध प्राप्त 25 आवेदकों की स्थाई पात्रता सूची जारी करते हुए आवंटन प्रस्तावित कर सफल आवंटियों की सूची जारी पर 22 मई तक आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कर निदेशालय को अनुमोदन के लिए भिजवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला कलक्टर प्रतिनिधि के रूप में चूरू तहसीलदार, चूरू उपखण्ड अधिकारी, कृषि विपणन विभाग बीकानेर क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, कृषि उपज मण्डी समिति सचिव व व्यापार मण्डल अध्यक्ष व व्यापारी उपस्थित रहे।

## नगरपालिका की लापरवाही गोवंश पर भारी, नाले में फंसा गोवंश

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में नगरपालिका की लापरवाही बेसहारा गोवंश पर भारी नजर आ रही है। कस्बे में बनाए गए नालों के फेरोकवर या तो है नहीं या टूटे होने के कारण बेसहारा गोवंश इन में आये दिन गिर कर चोटिल हो जाते हैं। मुख्य गेनाणी के पास खुल्ले पड़े चेम्बर में शुक्रवार एक गोवंश गिरा कर फस गया। जिसकी सूचना पर गोरक्षा दल आजाद ग़ुरूफ सेवा समिति के सदस्य मौके पर पहुंचकर नगरपालिका जेसीबी की सहायता से गोवंश को बाहार निकाला। अध्यक्ष कैन्हया सैन ने कहा कि इस बारे में नगरपालिका को की बार अवगत करवाया लेकिन पालिका की ओर से खुल्ले पड़े चेम्बर नालों को ढकने की व्यवस्था नहीं की जा रही जिससे आए दिन बेसहारा गोवंश गिरने से चोटग्रस्त होते हैं।

## एमएसजी हाईटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने शिक्षा के क्षेत्र में फिर लहराया परचम

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राजस्थान के ग्रामीण अंचल तारानगर में बसे एमएसजी हाईटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम देकर शिक्षा जगत में फिर परचम लहराया है। शानदार परिणाम आने पर विद्यालय स्टॉफ की ओर से रैली के रूप में कस्बे के मुख्य बाजार में विजयी जुलूस निकाला गया। व्यापारियों ने पुष्प वर्षा से रैली का भव्य स्वागत किया। प्रिंसिपल हिमांशु रानी व चौधरी एज्यूकेशन ग्रुप की सह निदेशिका आम्रपाली चौधरी ने छात्राओं के तिलक लगा व माला पहनाकर सम्मान किया और शानदार परीक्षा परिणाम देने पर छात्राओं को बधाई दी। प्रिंसिपल हिमांशु रानी ने इस सबका श्रेय डेरा सच्चा सौदा के गद्दीनशीन एमएसजी गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिह जी इंसा की प्रेरणा व स्टाफ की मेहनत को बताया जिसकी बदौलत ये विद्यालय आए दिन बुलंदियों को छू रहा है। प्रिंसिपल रानी ने बताया कि पूज्य गुरूजी छात्राओं को शिक्षा व खेल के बारे में समय समय पर टिप्स देते रहते है। प्रिंसिपल ने बताया कि खेल में भी इस विद्यालय के बच्चों ने हर साल गोल्ड मेडल, सिल्वर व कास्य पदक लेकर अपना, स्कूल, माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। इस मौके पर वीरपाल, पिंकल, अमिता, अंजू, परवीन, सोनिका, सुनिता, रीना, प्रिया, बिया, पूजा, पूनम, अलका, रेशमा, सोनू, सुमित्रा, पुष्पा, अमन, वर्षा, दीपिका, सहित बच्चों के अभिभावक, विद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रही।



## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं देने के लिए 23 मई तक करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं देने के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा विभाग, चूरू में 100 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के मनोनयन व आवंटित बुनियादी प्रशिक्षण लक्ष्य को पूर्ण किए जाने के लिए जिले के इच्छुक नागरिक (सशस्त्र सेनाओं/ अर्द्ध सैन्य बलों / अग्निशमन / पुलिस के स्थाई कार्मिकों व होम गार्ड के स्वयंसेवकों को छोड़कर), जो सेवा देना चाहते हो, निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र मय शैक्षणिक दस्तावेज, मूल निवास प्रमाण पत्र, योग्यता व विशेष योग्यता से संबंधित दस्तावेज 23 मई तक संबंधित उपखण्ड कार्यालय में सांय 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष योग्यता वाले स्थानीय नागरिकों जिनमें विशेषतः अग्निशमन / आपदा प्रबन्धन डिग्री या डिप्लोमाधारी, एनसीसी/स्काउट्स, तैराक/ गोताखोर, भूतपूर्व सैनिक, वाहन चालक, नर्सिंग डिप्लोमा इत्यादि में से जो आपदा प्रबन्धन व नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए विशेष योग्यता रखते हों, को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में प्राथमिकता दी जाएगी। विशेष योग्यता रखने वाले नागरिक (स्थानीय निवासी) का जो शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ व आवेदन की अन्तिम तिथि तक 18 वर्ष की आयु से अधिक है, जिनका चरित्र पुलिस से सत्यापित किया गया हो व जो स्वयं के खर्च पर जिला स्तर पर 10 दिवस का अवैतनिक बुनियादी प्रशिक्षण लेने के लिए सहमत हो, ऐसे सेवाभावी व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन/ चयन किया जाकर उन्हें नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनाया जाना है। आवेदनकर्ता को सक्षम स्तर से जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र , पुलिस से सत्यापित चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि निदेशालय नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर की ओर से जारी शर्ते व दिशा - निर्देश मान्य होंगे और संविदा पदों पर कमेटी की ओर से निर्धारित प्रक्रिया से चयन किया जाएगा। निर्धारित दिनांक के पश्चात किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। मनोनयन पश्चात चयनित नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक को चक्रिय कम में आवश्यकता अनुसार लगाया जाएगा। आवेदन पत्र आपदा प्रबंधन सहायता व नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता हैं। मनोनयन प्रक्रिया में किसी भी विवाद की स्थिति में जिला कलक्टर, चूरू अथवा कमेटी का निर्णय ही, अंतिम होगा।

## दो महिला सहित फरार तीन वारंटियो को किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन वारंटियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस के निर्देशानुसार एरिया डोमेशन अभियान के तहत हार्डकोर अपराधियों, संगठित अपराधियों, मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब तस्करों व उनके सहयोगियों, टॉप-10 सक्रिय वांछित अपराधी, ईनामी अपराधियों, सम्पति संबंधी अपराध करने वाले आदतन अपराधियों साधारण / गभीर अपराधों में वांछित अपराधियों को टारगेट करते हुए थाना स्तर पर विभिन्न ट्रीमो का गठन कर वांछित अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रतनगढ की ओर से जारी गिरफ्तारी वारण्ट की पालना में वारण्टी मंजू पत्नी रफिक मणीयार उम्र 30 निवासी राजलदेसर, कमला बानों पत्नी जबन खां उम्र 45 निवासी राजलदेसर डेडराज पुत्र मोटाराम उम्र 23 निवासी राजलदेसर को गिरफ्तार किया गया। उक्त वारण्टी मंजू , कमला बानों के खिलाफ वर्ष 2020 में मारपीट के मामले में चालान न्यायालय में पेश किया गया था और वारण्टी डेडराज के खिलाफ वर्ष 2022 में छेडछाड व मारपीट के आरोप में चालान न्यायालय में पेश किया गया था। उक्त तीनों वारंटियों की न्यायालय की ओर से जमानत जब्त होने पर उपरोक्त तीनों वारंटियों को उनके निवास स्थान पर दबिश श देकर गिरफतार किया गया। जिनको शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रतनगढ़ के समक्ष पेश किया गया।

## बरसात पूर्व गिनाणी के नालों कि सफाई करवाने की मांग, पार्षद ने सभापति को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 10 के पार्षद ने नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी को ज्ञापन देकर बरसात से पूर्व ड्रेनेज नालों की सफाई करने की मांग की हैं। पार्षद लालबहादुर सेवदा ज्ञापन के माध्यम से बताया कि शहर कि मुख्य गिनाणी का नाला वार्ड 10 से होकर गुजरता है। फिलहाल स्थिति में नाले व गिनाणी दोनों अपने लेवल स्तर से ऊपर चल रहे हैं। फिलहाल हालात ये है कि बिना बरसात के मुख्य बाजार में नाले भरे पड़े रहते है। नालों में कचरा भरा पड़ा है। नाले अभी अपने लेबल से ऊपर बह रहें है। जिसके कारण पास कि गलियों के छोटे नालों कि पानी निकासी लगभग बंद हो गई है। लंबे समय तक घरों व बाजार कि गलियों में पानी पड़ा रहता है। अभी नहर बंदी भी चल रही है। जिसके कारण सफाई का कार्य करवाने में अधिक असुविधा नहीं होगी। आगे आने वाले समय में



बरसात का समय भी शुरू हो जाएगा। अगर समय रहते गिनाणी के नालों व गिनाणी कि सफाई नहीं करवाई गई तो मुख्य बाजार में पिछली दीपावली कि तरह पानी भराव की समस्या बन जायेगी। थोड़ी सी बरसात आते ही दुकानों व घरों में पानी भर जाएगा। व्यापारियों व आमजन को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बाजार में पानी भराव से व्यापारियों को बहुत अधिक नुकसान होगा। जिसके बारे में पहले भी कई बार अवगत करवाया गया है। पिछले महीने कलेक्टर को भी इस हालातों ये अवगत करवाया गया था। लेकिन अभी तक कोई भी कार्य नहीं किया गया है। पार्षद लालबहादुर सेवदा ने एक बार फिर नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है।

## तबीयत बिगड़ने के बाद यात्री की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** सालासर एक्सप्रेस में गुजरात से महेन्द्रगढ़ जा रहे यात्री की तबीयत ज्यादा बिगड गई। परिजनों ने कण्ट्रोल रूम फोन किया। सुजानगढ़ रेलवे सुरक्षा बल चौकी के सहायक उप निरीक्षक रविंद्र सिंह श्योराण ने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को मदद के लिए सूचित किया। जिस पर वो एम्बुलेंस लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यात्री को उतारकर एम्बुलेंस से सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल पहुँचाया जहाँ डॉ. महिपाल सिंह ने यात्री निहाल सिंह पुत्र बालमुकुंद शर्मा उम्र 56 वर्ष निवासी खातिवास, नांगल सिरोही, महेंद्रगढ़ हरियाणा को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी और बेटे राहुल ने कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं चाही। जिस पर शव के साथ उनको गंतव्य तक रवाना कर दिया गया।

## कठोर परिश्रम करने वालों को मिलती है सफलताः मीणा




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलसीसर में मेगा पी.टी.एम का आयोजन कर अभिभावकों और विद्यार्थियों को सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में छात्रों को अध्ययन के लिए दी जाने वाली सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मेगा पी.टी.एम में प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीणा ने कहा कि ईमानदारी और कठिन परिश्रम करने वाले को सफलता अवश्य मिलती है। मेगा पी.टी.एम और प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वेदप्रकाश जाट, प्रकाश चन्द, शशि चौहान, सुरेन्द्र कुमार, रतनी कुमारी, अनिल कुमार, विमला, पिंकी, आरिफ हसन, विकास कुमार, भंवरसिह, लिखमाराम मेघवाल, रूघाराम नेहरा, सुशीला मीणा, मनोज कडवासरा, सोमबीर सिंह, राहुल बुगालिया, सांवरमल प्रजापत सहित अनेक अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे। संचालन वेद प्रकाश जाट ने किया।

## ग्रामीणों को दी प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के पंचायत भवन में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती योजनांतर्गत कृषि विभाग की तरफ से नगेंद्र नायक कृषि अधिकारी व रतन लाल यादव सहायक कृषि अधिकारी की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने प्राकृतिक, जैविक व रासायनिक खेती का अंतर बताते हुए कुल खेती से दो बीघा खेती में अलग अलग खाद के काढ़ो के और यूरिया के नुकसान के बारे में बताते हुए प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया, जिसके लिए सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता के बारे में भी बताया गया। सरपंच सविता राठी ने बताया कि गोपालपुरा की ऑर्गेनिक सब्जी विख्यात है उसे और अधिक व्यापक बनाने की जरूरत हैं। इस अवसर पर कविता मीणा, प्रियंका रैगर कृषि पर्यवेक्षक और भरत जांगिड़ ने भी विचार प्रकट किए। उप सरपंच गणपतदास स्वामी, कालू सिंह भाटी, बजरंग सारण, ईसर सिंह, ओमप्रकाश प्रजापत, विमला कंवर, गंगा देवी झूकिया, भींवाराम प्रजापत, अशोक सिंह, मुरारी आचार्य, रूप सिंह, दुर्गादास, चेनाराम, बाबूलाल मेघवाल, राजेश, खेता राम, पूर्णाराम नायक, देवीसिंह, श्रीराम प्रजापत, राजेंद्र, श्यामाराम मेघवाल आदि ग्रामीणों ने प्रशिक्षण लिया।

# मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण, ईओ को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बेवासियों ने अधिशाषी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि कस्बे के भार्गव बस्ती में नगरपालिका की खांचा भूमि है जिसमें नगरपालिका रिकार्ड के अनुसार इसमें एक कुचेपला भैरूजी का थान बना है जो 940 वर्गगज भूमि है लेकिन वर्तमान स्थिति में 300 वर्ग गज में मंदिर बना है, शेष भूमि अतिक्रमियों की ओर से कब्जा कर लिया गया।इस भुमी में कोई आम रास्ता रिकार्ड में नहीं है। अतिक्रमियों की ओर से इस भूमि में रास्ता आम होने का दावा किया जा रहा है। उक्त मामलों में संज्ञान लेकर कागजात का रिकॉर्ड देखकर ही निर्णय ले ताकि आमजन की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

# उप चुनाव कार्यक्रम घोषित

# पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव 8 जून को

## मतदाताओं के 12 वैकल्पिक दस्तावेज रहेंगे पहचान के लिए मान्य



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान की ओर से जारी कार्यक्रमानुसार जिले की पंचायती राज संस्थाओं में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव 8 जून को होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि जिले की राजगढ़ पंचायत समिति की ख्याली ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 6, मुन्दीताल ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 2, भगेला ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 11, चैनपुरा बड़ा के वार्ड संख्या 3, चूरू पंचायत समिति की लाखाऊ ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 2 व 4, थैलासर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 5, सिरसला ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 12, रतनगढ़ पंचायत समिति की दाऊदसर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 6 व पड़िहारा ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 9 में वार्ड पंच पद के उपचुनाव के लिए 8 जून को मतदान होगा। इसी क्रम में जिले की चूरू पंचायत समिति के लाखाऊ में उपसरपंच पद के लिए भी उपचुनाव होना है। कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान लागू हो गए हैं।

### यह रहेगा पंचायतीराज संस्थाओं में उप चुनाव कार्यक्रम

उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) अर्पिता सोनी ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं में उप चुनाव के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार वार्ड पंच के लिए 20 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से नियम 23 व सपठित 56 के अन्तर्गत निर्वाचन की लोक सूचना जारी की जाएगी। 26 मई को सवेरे 10 बजे से सायं 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। 27 मई को सवेरे 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 27 मई, 2025 को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त बाद चुनाव प्रतीकों का आवंटन करते हुए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 8 जून, को सवेरे 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात् पंचायत मुख्यालय पर मतगणना की जाएगी। उपसरपंच पद का चुनाव 9 जून को होगा।

### यह 12 वैकल्पिक दस्तावेज रहेंगे पहचान के लिए मान्य

मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। किसी कारण से फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहने पर मतदान के लिए उसे राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमोदित 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, सांसदों, विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र, केंद्र सरकार या राज्य सरकार, राज्य पब्लिक लिमिटेड कंपनी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, श्रम मंत्रालय की ओर से जारी फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सक्षम अधिकारी की ओर से जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारियों की ओर से जारी फोटोयुक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/सहकारी बैंक/डाकघर की ओर से जारी फोटोयुक्त पासबुक शामिल हैं।

# बीमा प्रीमियम के लिए बचत खाते में रखें पर्याप्त राशि, 25 मई से 1 जून तक कटेगा प्रीमियम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भारत सरकार की ओर से गरीबों एवं वंचितों को ध्यान में रखते हुए संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत लाभार्थियों के बचत खातों से 25 मई से 01 जून, 2025 तक प्रीमियम काटा जाएगा। लाभार्थी खाताधारकों से बचत खाते में पर्याप्त राशि रखने के लिए कहा गया है। एलडीएम अमर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत बीमित व्यक्ति की किसी भी तरह से मृत्यु हो जाने पर उसकी ओर से नामित व्यक्ति को दो लाख रुपये की दावा राशि मिलती है। प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत बीमित व्यक्ति की दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसकी ओर से नामित व्यक्ति को दो लाख रुपये की राशि मिलती है व इसमें बीमित व्यक्ति की दुर्घटना में उसके जिंदा रहने परंतु कोई अंग- भंग होने पर विभिन्न नियमों के अनुसार एक लाख रुपए से लेकर दो लाख रुपए तक का दावा मिलता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 436 रुपए का वार्षिक प्रीमियम व प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 20 रुपए का वार्षिक प्रीमियम देय होता है और एक बार पॉलिसी लेने के बाद प्रत्येक वर्ष बीमित व्यक्ति के खाते से वार्षिक प्रीमियम की राशि ऑटोमैटिक काट ली जाती है। इस वर्ष प्रीमियम राशि 25 मई, से 01 जून के मध्य काटी जाएगी। उन्होंने बताया कि आमजन जिनकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष है वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 436 रुपए का वार्षिक प्रीमियम व जिनकी उम्र 18 वर्ष से 70 वर्ष है, वे प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा बीमा योजना अंतर्गत 20 रुपए का वार्षिक प्रीमियम भरकर योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने इन योजनाओं में पहले से बीमित व्यक्तियों से अपील की है कि वे अपनी पॉलिसी नवीनीकरण के लिए अपने बचत खाते में पर्याप्त राशि शेष रखें, ताकि निर्धारित समय पर प्रीमियम काटा जा सके।

# सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी नहीं कर रहीं सुरक्षा मानकों की पालना

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मेगा हाईवे से चांद बास की ओर जाने वाले रास्ते के पास पिछले करीब दस दिनों से खुले पड़े खड्डे आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे। लेकिन सीवरेज कर्मियों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। स्थानीय निवासी रामदेव भंवरिया ने बताया कि अनेकों पिकअप सहित कई गाड़ियां इन गड्ढ़ो से क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन फिर भी कोई असर नहीं हुआ। गुरूवार की रात को एक सांड यहां करीब 20 फीट गहरे गडढ़े में गिर गया, जिसको सुबह आस-पास के लोगों ने देखा और विडियो बनाए। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि विडियो आयुक्त, एसडीएम आदि अधिकारियों को भेजा गया, तब सीवरेज वालों ने काम को गति दी और सांड को पोकलेन मशीन की सहायता से निकाला गया। इसके साथ ही दोनों गड्ढ़े भरे गए। रामदेव भंवरिया ने बताया कि हाल ही के दिनों में एक बेजुबान कुत्ता भी इसी गड़ढ़े में गिरने से अकाल मौत का शिकार हो गया। ऐसे में सोचने वाली बात ये है कि जिन अधिकारियों पर सीवरेज की मॉनिटरिंग का जिम्मा है, वो अधिकारी आखिर करते क्या हैं? क्योंकि न तो सीवरेज कार्य करने वाली कम्पनी की ओर से सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है और न ही गड़ढ़ों के चारों तरफ बेरीकेटिंग की जाती है। और तो और एक दस-दस दिनों तक गडढ़े नहीं भरे जाने से आम जनता के वाहनों में जो टूट फूट होती है, वो जनता किससे मुआवजा मांगे। लोग अपनी किस्मत समझकर चुपचाप नुकसान सहन कर लेते हैं। जबकि होती पूरी की पूरी सीवरेजकर्मियों की लापरवाही है। ऐसे में सीवरेज का कार्य करने वाली कंपनी पर नियमों का पालन करने के लिए नकेल इसे जाने की जरूरत है। क्योंकि अगर सुरक्षा मानकों का



पालन ही जब नहीं किया जाता है, तो इसका मतलब साफ है कि कंपनी के लोग मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारियों को कुछ नहीं समझते।

# चूरू के युवाओं का सेठानी जोहड़ के प्रति अनूठा समर्पण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** ऐतिहासिक धरोहर सेठानी जोहड़ा की स्वच्छता को लेकर चूरू के युवाओं ने एक अनुकरणीय पहल की है। प्रत्येक रविवार को ये युवा अपनी स्वेच्छा से श्रमदान कर जोहड़े की सफाई कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को चूरू के युवाओं ने नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जोहड़े की सफाई में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर रवि ने बताया कि युवाओं ने अपने स्तर पर सफाई शुरू कर दी है, लेकिन इस कार्य को पूरी तरह संपन्न करने के लिए नगर परिषद का सहयोग आवश्यक है। युवाओं ने मांग की है कि जोहड़े के आसपास 4 से 5 कूड़ेदान (डस्टबिन) लगाए जाएं ताकि वहां आने वाले लोग कचरा इधर-उधर न फेंकें और स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही नगर परिषद की ओर से सफाई कार्य को संगठित रूप में पूरा किया जाए। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद् चूरू सदैव ऐसे जनसहभागिता वाले कार्यों को समर्थन देती रही है और भविष्य में भी देती रहेगी। सेठानी जोहड़ा न केवल एक ऐतिहासिक स्थल है बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण का प्रतीक भी है। युवाओं की यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी बनेगी। नगर परिषद के सहयोग से अब यह उम्मीद की जा रही है कि यह सांस्कृतिक धरोहर शीघ्र ही अपने पुराने गौरव को प्राप्त करेगी। इस अवसर पर अनिल प्रजापत, आकाश सिंगल, रवि आर्य, सुरेन्द्र क़ुमार, अक्षय चोपड़ा, सुमित जांगिड, पंकज सोनी आदि उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर गैंगस्टरों को फॉलो करने वाले दो संदिग्धों को किया डिटेन

## थाना इलाके में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड की भानीपुरा पुलिस की ओर से थाना इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में भानीपुरा थाना अधिकारी राय सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन कर एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर थाना क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया गया। सोशल मीडिया पर गैंगस्टरों को फॉलो करने वाले संदिग्ध रामवतार पुत्र हंसराज जाट उम्र 29 साल निवासी मालकसर व जय गणेश पुत्र गोपी राम जाट उम्र 30 साल निवासी मालकसर को अभियान के तहत डिटेन किया गया। भानीपुरा थाना अधिकारी राय सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अलग-अलग टीमों का गठन कर थाना इलाके के क्षेत्र में शांति व्यवस्था व कानूनी व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर अभियान के तहत जगह-जगह दबिश देकर करवाई की गई। जिसके तहत दो संदिग्ध को डिटेन किया गया हैं। उच्च अधिकारियों ने निर्देशन में अभियान थाना इलाके में लगातार जारी रहेगा।



# अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो विजेता रघुराज सिंह का चूरू में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गत 11 मई से 13 मई को यूएई के फ़ुजेरा में आयोजित हुई वर्ल्ड ताइक्कांडो कैडेट चैंपियनशिप में बीकानेर के रघुराज सिंह ने कांस्य पदक जीत कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। ताइक्कांडो कोच हेमंत भाटी ने बताया कि रघुराज सिंह के कोच वीरेंद्र योगी ने जानकारी दी कि फ़ुजेरा में आयोजित हुई प्रतियोगिता में भारत से 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें रघुराज सिंह ने राजस्थान में प्रथम व देश का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय पदक प्राप्त किया है। रघुराज सिंह की इस सफलता पर शुक्रवार को अग्रसेन नगर में भाटी मार्शल आर्ट्स एकेडमी में हुए



एक कार्यक्रम में बेलमाउंट हाई स्कूल की प्रधानाचार्य नीतू नेहरा के नेतृत्व में रघुराज का मार्ल्यापण कर व प्रतिक चिन्ह् प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेशनल खिलाड़ी चंद्रकला भांभू, सरिता, राव्या जांगिड़, भाव्या नेहरा, कानन चौधरी, रावी शर्मा, रौनक, भुवनेश, माही तंवर, प्रतीक आदि उपस्थित रहे।

## मां ने की खूब मिन्नते, नही पसीजा कलेजा, मारने का चढ़ा रहा भूत सवार

# घर में सो रहे दोस्त को कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतारकर बोला आरोपी, ले लिया दुश्मनी का बदला

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में सोए हुए युवक पर उसी के दोस्त ने ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी बरसा दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ने सिर और गर्दन पर कई वार किए। पास की चारपाई पर सो रही मां चीखती-चिल्लाती रही लेकिन आरोपी रुका नहीं। मर्डर करने के बाद आरोपी बोला कि मैंने दुश्मनी का बदला ले लिया है, अब जो करना हो, कर लेना। यह सनसनीखेज वारदात जिले के पिलानी थाना इलाके के भगीना गांव में गुरुवार रात 1.30 बजे हुई। मृतक दलीप स्वामी (30) दिल्ली और बेंगलुरु में ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था। वह अपने गांव भगीना आया हुआ था। आरोपी दोस्त आशीष शर्मा भी गांव का ही रहने वाला है। वारदात के बाद वह फरार हो गया।




### वारदात के बाद फरार, पुलिस कर रही तलाश

पिलानी थाना इंचार्ज रणजीत सेवदा के मुताबिक वारदात के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीण जुट गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का मुआयना किया। दलीप की मौत हो चुकी थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। आरोपी आशीष की तलाश की जा रही है।

### गांव में सन्नाटा, दहशत का माहौल

गुरुवार आधी रात हुई इस वारदात से गांव में डर और सन्नाटा है। दलीप के परिवार में मातम पसरा हुआ है। दलीप की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन और ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। दलीप के घर में पिता ओकरमल और मां सुगनी देवी हैं। दलीप अविवाहित था। एक महीने पहले वह परिवार में एक शादी में आया था। शादी 30 अप्रैल की थी। दो दिन बाद वह बेंगलुरु जाने वाला था। घर में माता-पिता के अलावा बड़ा भाई कर्ण सिंह, भाभी और उनके 3 बच्चे हैं। कर्ण सिंह जयपुर में प्राइवेट नौकरी करता है। आरोपी आशीष का पिता राजेश शर्मा ड्राइवर है। वह झुंझुनूं से जम्मू प्राइवेट बस चलाता है। परिवार में माता-पिता और 3 बहनें हैं।

### चाचा ने कहाः 3 साल से बदला लेने की फिराक में था

दलीप के चाचा शंभू स्वामी ने बताया कि दलीप और आशीष पुराने दोस्त थे। भतीजे दलीप को नींद में चलने की बीमारी थी। 4 साल पहले वह नींद में चलकर दोस्त आशीष के घर में घुस गया था। वह आशीष की मां की चारपाई पर जाकर सो गया। उस घटना को लेकर दोनों में मारपीट हुई थी। समाज ने बैठकर दोनों का समझौता करा दिया था। इस घटना के बाद दोनों दोस्त पहले की तरह साथ नजर आते थे। पता नहीं था कि आशीष ने मन में रंजिश पाल ली। यहां तक कि गुरुवार को दिन में आशीष और दलीप गांव में साथ घूम रहे थे। किसी को अंदेशा नहीं था कि आशीष के मन में दलीप को लेकर इतनी नफरत भरी है। 3 साल पहले की घटना के बाद आशीष ने दलीप का विश्वास जीता, दोबारा दोस्ती की और मौका पाकर अब उसकी हत्या कर दी।

### मां ने कहाः चीखती रही, लेकिन हैवान रुका नहीं

दलीप की मां सुगनी देवी ने बताया कि मैं पास की ही चारपाई पर सो रही थी। रात 1.30 बजे के करीब धमाके की आवाज आई। आंख खुली तो देखा कि आशीष मेरे सोए हुए बेटे दलीप पर कुल्हाड़ी से हमला कर रहा है। मैं चीखने लगी वो रुका नहीं। सिर और गर्दन पर तीन-चार बार कुल्हाड़ी मारी। इसके बाद भी वार करता रहा। मैंने शोर किया, उठने की कोशिश की। कुल्हाड़ी से आरोपी ने टेबल फैन पर भी कुल्हाड़ी मारी और बोला कि मैंने दुश्मनी का बदला ले लिया है। अब जो करना हो कर लेना।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं पकंज शर्मा, राम मंदिर के पास, पूरानी सडक चूरू, -331001 से प्रकाशित।
सम्पादक :रामेश्वरलाल जाट , सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।